ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



बिहार में वंचित बच्चों के लिए स्कूल निर्माण में ... पेज 12 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ट शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 30 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक-116 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

### कर्नाटक : बस और कार में भीषण टक्कर

## 2 बच्चे समेत 10 की मौत



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में भीषण सड़क हादसे की खबर है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मैसूरु के पास तनरसिंहपुरा में सोमवार को एक कार और बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। इनोवा कार में सवार लोगों में एक शख्स गंभीर रूप से घायल है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लाशों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। बस की टक्कर में इनोवा कार के परखच्चे उड़ गए। 10 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मैसूर सड़क हादसे पर जताया गहरा दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कर्नाटक के मैसूर में हुए सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्ति करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट कर कहा, मैसूर में एक सड़क दुर्घटना में बच्चों सहित लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

# धनबाद में दर्दनाक हादसा

## रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से 6 लोग जिंदा जले, 12 लोग झुलसे



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सोमवार को धनबाद और गोमो स्टेशन के बीच निचितपुर-तेतुलमारी रेल स्टेशन के बीच पोल संख्या 283/14 - 283/16 के पास बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें छह लोग जिंदा जल गए। इस हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक झुलस गए हैं। बताया जाता है कि निचितपुर रेल फाटक के पास मजदूर पोल गाड़ रहे थे और उन्होंने शटडाउन नहीं लिया था। काम के दौरान पोल डगमगा कर 25000 वोल्ट के ओवरहेड तार से छू गया, जिसके बाद करंट की चपेट में आने से मौके पर छह लोगों की मौत की हो गई। एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। हादसे में मारे गए सभी मजदूर रेल विकास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ट्रक और बाइक के बीच भीषण टक्कर, दो की मौत

**रांची।** राजधानी में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। हादसा नामकुम के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में हुआ है। ओपी क्षेत्र के कोचबोंग में ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई। जिस वजह से यह हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल है।बता दें कि राजधानी रांची के नामकुम इलाके के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में ट्रक और बाइक के बीच हुए भीषण टक्कर में दो युवक की मौत हो गई है। वहीं एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना नामकुम के खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग रोड पर कोचबोंग में हुई है। ट्रक और बाइक के बीच हुए भीषण टक्कर में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

### असम में सड़क हादसा

## इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की मौत



**एजेंसी। गुवाहाटी**

गुवाहाटी में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में असम इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना रात करीब 2 बजे हुई। 10 छात्रों का ग्रुप स्कॉर्पियो से यात्रा कर रहा था। इस दौरान जलुकबाड़ी इलाके में वे कार से नियंत्रण खो बैठे और एक डिवाइडर को पार करते हुए सड़क के दूसरी ओर विपरीत दिशा से आ रही एक पिक-अप वैन को टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो को छात्रों ने किराए पर लिया था। सात छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) लाया गया। मारे गए सात छात्रों की पहचान अरिंदम भल्लाल (गुवाहाटी), न्योर डेका (गोलाघाट जिला), कौशिक मोहन (चराइदेव जिला), उपांगशु सरमाह (नागांव जिला, राजकिरण भुइयां (माजुली जिला), एमोन गायन (डिब्रूगढ़) और कौशिक बरुआ (मंगलदोई) के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो की चपेट में आई पिकअप वैन में सवार तीन लोगों को भी गंभीर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**NEWS इन ब्रीफ**

### मामूली विवाद में चचेरे भाई की हत्या

**खूंटी।** खूंटी थान क्षेत्र के सिल्दा गांव निवासी बिरसा लोहरा ने रविवार की देर रात मामूली विवाद में अपने चचेरे भाईग जगदीश लोहरा (42) की लात घुसों से मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी खूंटी थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस सोमवार सुबह सिल्दा गांव स्थित मृतक के घर पहुंची और घर के बरामदे पर पड़े शव को कार्रवाई के बाद वहां से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपित बिरसा लोहरा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के विरुद्ध खूंटी थाने में हत्या का मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया।

### डोभा में डूबने से महिला की मौत

**लोहरदगा।** कुड़ु थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव में सोमवार को डोभा में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। महिला अपनी बेटी के साथ डोभा में कपड़े धोने तथा नहाने के लिए गई थी। थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव निवासी सेराजुल अंसारी की पत्नी अफसरी खातून अपनी बेटी सुहाना परवीन के साथ कपड़े धोने व नहाने के लिए जोंजरो गांव स्थित डोभा गई हुई थी। इसी दौरान नहाते समय उसकी डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि डोभा में डूबने से अफसरी खातून की मौत हुई है।

### पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

**हजारीबाग।** चरही पुलिस ने सोमवार दोपहर थाना क्षेत्र के 14 नंबर कॉलोनी से एक प्रेमी युगल के शव पेड़ की टहनी पर फंदे से लटके हुए बरामद किए है। प्रेमी युगल के बारे में बताया गया है कि दोनों छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रहने वाले हैं। ईंट भट्ठा में काम करने आए थे। पुलिस ने बताया कि हत्या है या आत्महत्या इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

## लातेहार : हथियार के साथ छह नक्सली धराए, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के छः उग्रवादियों को लातेहार पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों में मुकेश यादव पिता मदन यादव (होटाई, पांकी, पलामू), मुकेश यादव पिता सुदेशी यादव (तितलंगी, पिपराटांड, पलामू), अवधेश यादव, पिता वृक्ष यादव (चेरी, लेस्लीगंज, पलामू), प्रभात कुमार यादव उर्फ मरांडी उर्फ अफजल उर्फ अभिषेक पिता लक्ष्मी यादव (विदरा, पिपराटांड, पलामू), भीम पासवान (ड़ोंकी, मनिका, लातेहार) व नन्दू शर्मा पिता विगु शर्मा (जान्हो, मनिका, लातेहार) शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो लोडेड देशी पिस्टल, दो लोडेड देशी कट्टा, 11 जिन्दा कारतूस, चार मोबाईल फोन व एक मोटरसाईकल बरामद किया गया। इसकी जानकारी एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को रविवार की रात्रि करीब 9:30 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के 5-6 की संख्या में उग्रवादी मनिका थाना क्षेत्र के डोंकी, हेसातु-बरवही तीनमुहान के पुरब पहाड़ी (टेकरी) पर बैठकर किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना सत्यापन के बाद एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। जिसमें सभी छः उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे बताया कि दो-तीन माह से टीएसपीसी के उग्रवादी मनिका व हेरहंज थाना क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में लेवी व धमकी देने का कार्य कर रहे है। एक साथ छः उग्रवादियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि उग्रवादियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगी।




## दिनेश गोप की निशानदेही पर हथियार व विस्फोटक बरामद

### हथियार और विस्फोटक बरामद होने की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी/हिटी**

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को लेकर एनआईए की टीम ने सोमवार को खूंटी और सिमडेगा में कई जगहों पर सर्च अभियान चलाया। एनआईए की टीम सोमवार दोपहर दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा के बीच रनिया लेकर पहुंची। टीम रनिया के विभिन्न गांवों और उसके आसपास के जंगलों में दिनेश को लेकर गई। सूत्र बताते हैं कि एनआईए की टीम ने काफी मात्रा में हथियार, गोली और विस्फोटक बरामद की है। लेकिन, इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एनआईए को पूछताछ में दिनेश गोप ने ऐसे कई ठिकानों के बारे में जानकारी दी थी, जहां वह हथियार छिपा कर रखता था। साथ ही महंगे व विदेशी हथियारों को उसने कुछ लोगों को सौंपने की बात बतायी है। इसी आधार पर सोमवार को ईडी की टीम ने कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, टीम दोपहर में रनिया पहुंची थी। शाम तक दिनेश गोप को लेकर कोटांगेर, जामटोली, मेरोमबीर, डिगरी, खरवागड़ा, गरई आदि गांवों में गई। इसके बाद दिनेश गोप को लेकर सिमडेगा के बानो क्षेत्र में चली गई। दिनेश गोप को लेकर रनिया पहुंचने पर खूंटी जिला पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी थी। एनआईए द्वारा दिनेश गोप को आठ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### चाईबासा में पुलिस ने 5 आईईडी को किया नष्ट

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में सुरक्षाबलों ने सोमवार को नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने पांच आईईडी को बरामद कर नष्ट कर दिया। एसपी आशुतोष शेखर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका गांव के जंगल से सोमवार को पांच शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद हुआ। इनमें एक 20 किलो का, एक 12 किलो का, एक 6 किलो का और दो पांच-पांच किलो के थे। सभी आईईडी को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया।

### झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज

**रांची।** झारखंड में बदले मौसम के मिजाज ने थोड़ी राहत दी है लेकिन तापमान में कोई खास असर नहीं पड़ा है। अब मौसम विभाग ने 30 और 31 मई को आंधी और बारिश की संभावना जाहिर की है, इसे लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। झारखंड के मौसम का मिजाज पिछले सप्ताह से ही बदला है। राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा और आंधी ने भारी नुकसान किया है, कई जिलों में जमकर बारिश भी हुई है। अब कल और परसो 30 और 31 मई को भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसकी संभावना जाहिर करते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। जिन जगहों पर सबसे ज्यादा खतरा हैं उनमें राज्य के उत्तर-पूर्व का हिस्सा शामिल हैं इनमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, दक्षिणी भाग के पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही राज्य के मध्य हिस्से जिसमें राजधानी के साथ- साथ बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ आथे हैं यहां वज्रपता की संभावना जाहिर की गयी है। इसके साथ ही हवा की रफ्तार भी 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है। 31 मई के बाद एक बार फिर गर्मी सतायेगी।

## साहिल ने साक्षी पर किए थे ताबड़तोड़ 40 वार

### बात करना बंद किया तो आरोपी पर हुआ खून सवार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की लड़की की सनसनीखेज हत्या ने सभी को दहला दिया है। साक्षी को मौत के घाट उतारने वाले को पुलिस ने बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उसने साक्षी को 40 बार चाकू से गोदा था। इसके बाद आरोपी ने उसके सिर को पत्थर से कुचला था। दिल्ली के शाहबाद डेरी में एक नाबालिग मासूम गुड़िया को चाकू गोद-गोदकर मारा गया और उसके बाद पत्थर से उसे कुचल दिया गया। दिल्ली में दरिंदों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं। सब हदें पार हो गई हैं। मैंने अपने इतने सालों के करियर में इससे ज्यादा भयानक कुछ नहीं देखा। पुलिस ने मामले में एक और खुलासा करते हुए बताया कि साक्षी ने कई दिनों से उससे बात करनी बंद कर दी थी। रविवार सुबह बी ब्लॉक में आरोपी ने लड़की की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपित मोहम्मद साहिल(20) शाहबाद डेयरी इलाके में ही रहता है और मेकैनिक का काम करता है। साक्षी की हत्या करने के बाद साहिल बुलंदशहर में रहने वाली बुआ के घर चला गया था। इसके मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को पता लग गया था। वहां जाकर उनसे अपनी मां को फोन कर बताया कि वह बुआ के पास पहुंच गया है, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। संयुक्त आयुक्त विवेक किशोर का कहना है कि साहिल ने साक्षी पर चाकू से 40 वार किए थे। कई दिनों से साक्षी ने उससे बात करनी बंद कर दी थी।

### प्रवीण कुमार श्रीवास्तव बने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त



**आरएनएम। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को सोमवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीवास्तव केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के पद पर सुरेश एन पटेल का कार्यकाल पूरा होने के बाद बीते वर्ष दिसंबर से कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के तौर पर काम कर रहे थे। बयान में कहा गया है, सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के तौर पर शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त का एक पद रिक्त है। फिलहाल निकाय में पूर्व खुफिया ब्यूरो प्रमुख अरविंद कुमार एकमात्र सतर्कता आयुक्त हैं।

## रिम्स : 350 नर्सों को 7 माह से नहीं मिला वेतन

### नर्सों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या हुई उत्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स में नर्सों की कमी दूर करने का प्रयास 2017 से हो रही थी। नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकलने के बाद प्रक्रिया या तो लटकी रह जा रही थी, या रद्द कर दी जा रही थी। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद जेएसएससी द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई। 370 पदों पर नर्सो की स्थायी नियुक्ति हुई। 350 के करीब




नर्सो ने नवंबर-दिसंबर 2022 तक रिम्स में योगदान भी दे दिया। लेकिन जानकर हैरानी होगी कि 6-7 महीने बीतने के बाद भी अब तक इन्हें वेतन का भुगतान नही किया गया है। इतने महीने से सभी घर से पैसे मंगाकर कमरे का किराया चुका रहे और भूख मिटा रहे हैं। जिनकी पारिवारिक स्थिति ठीक है उन्हें फर्क नहीं पड़ रहा, मगर 200 से ज्यादा नर्सें ऐसी हैं जिनका पूरा घर उनपर ही निर्भर है। ऐसे में 7 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण इन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नर्सों का कहना है कि अगर एक सप्ताह के भीतर प्रबंधन वेतन का भुगतान नहीं करती है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलकर पूरी तरह कार्य बहिष्कार करेंगी। अगर ऐसा हुआ तो फर्क मरीजों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा, जिसका जिम्मेवार खुद रिम्स प्रबंधन होगा। दरअसल, रिम्स इनके वेतन पेंशन स्कीम को लेकर लटकाए हुए है। नर्सों का कहना है कि शुरुआत में उन्हें बताया गया था कि ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत सैलरी मिलेगी। जबकि ज्वाइनिंग के बाद प्रबंधन न्यू पेंशन स्कीम के तहत सैलरी देने की तैयारी में था। हालांकि प्रबंधन की ओर से यह भी तय नहीं था कि एनपीएस ही दिया जाए।

**उपलब्धि**

### रिटायर्ड जनरल बीके सिंह ने मीडिया के साथ किया संवाद, बोले

## विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं उड्डयन राज्य मंत्री जनरल बीके सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनायी। सोमवार को रांची पहुंचे बीके सिंह ने मीडिया संवाद के दौरान विदेशी निवेश, अर्थव्यवस्था में सुधार व आधारभूत संरचनाओं में बीते नौ सालों में अभूतपूर्व परिवर्तन का दावा किया। वहीं कश्मीर से लेकर नार्थ ईस्ट के राज्यों में विकास की बात उन्होंने कहीं। पुलवामा हमले को लेकर सत्यपाल मलिक के दावों को जरनल बीके सिंह ने सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि



सीना ठोक कर वह कह सकते हैं कि सत्यपाल मलिक बगैर तथ्यों के बात कर रहे हैं, जो व्यक्ति राज्यपाल रहा, जिसने इतनी लंबी राजनीतिक पारी खेली वह फिर से राजनीति में रहने के लिए ऐसी बेतुकी बात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल के नौ वर्ष पूरे होने पर अलग अलग मंत्रियों ने अलग अलग राज्यों में मीडिया के साथ संवाद स्थापित किया व केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायीं, इसी कड़ी में जनरल बीके सिंह सोमवार को रांची आए थे। रांची आने के बाद उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के विकास की जानकारी दी। पीपीटी के जरिए भी मीडिया संवाद में मोदी सरकार के कार्यों की जानकारी दी गई। संवाद में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, अमित सिंह, तारीक अनवर समेत कई अन्य नेता उपस्थित थे।

बीके सिंह ने कहा कि नौ सालों में अप्रत्याशित काम हुआ है। दुनिया के किसी भी हिस्से में विकास को समझने के लिए अर्थव्यवस्था, समाजिक परिवर्तन और राजनीतिक व्यवस्था को समझना जरूरी है। जनरल बीके सिंह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था छह प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, किसी भी देश में अर्थव्यवस्था की रफ्तार ऐसी नहीं है। 70 सालों में कुल एफडीआई 950 विलियन डॉलर था, लेकिन सिर्फ नौ सालों में 532 विलियन डॉलर का निवेश आया। भारत के अलग अलग ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मध्य प्रदेश में दोहराएंगे कर्नाटक 150 सीट जीतेंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि पार्टी ने कर्नाटक में जो किया उसे मध्य प्रदेश में दोहराने जा रही है। पार्टी इस साल राज्य में 150 सीटें जीतेगी। उनकी टिप्पणी मध्य प्रदेश पर एक बैठक के बाद आई जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। बैठक में राहुल गांधी, पार्टी महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, जे.पी. अग्रवाल सहित कई नेता शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, पार्टी नेताओं के साथ



मध्य प्रदेश पर विस्तार से चर्चा हुई। हमने कर्नाटक में 135 सीटें जीती हैं और हमारा आकलन है कि हम मध्य प्रदेश में 150 सीटें जीतने जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में, हम कर्नाटक दोहराएंगे और 150 सीटें जीतेंगे। इस बीच मध्य प्रदेश के प्रभारी अग्रवाल ने कहा कि सभी नेताओं ने एकजुट होकर विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि नेताओं ने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को हराने के लिए चुनावी तैयारियों के संबंध में पार्टी नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि पार्टी कर्नाटक की तरह कई योजनाओं की घोषणा करेगी और उन्होंने ऐसी योजनाओं की घोषणा करना शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# मोटे अनाज अधिक लाभकारी,इसलिए इसे श्रीअन्न कहते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर कृषि विज्ञान केंद्र खूटी और राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम रांची की ओर से सामूहिक रूप से खूंटी जिले में मोटे अनाज को लेकर चलाये जा रहे जागरुकता कार्यक्रम का समापन सोमवार को हो गया। समापन समारोह जिले के अति नक्सल प्रभावित अड़की प्रखंड के कोचांग गांव में किया गया। केंद्र के प्रभारी डॉ. ज्योतिर्मय घोष ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत यह पखवाड़ा किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया गया। पखवाड़े के तहत खूंटी जिले के लगभग पांच सौ किसानों को मोटे अनाज के प्रति जागरूक किया गया। अब तक मोटे अनाज की खेती में किसान सिर्फ मडुवा को प्रमुखता से उगाते थे, लेकिन अब यहां के किसान बाजरा, जौ, कुटकी, सवां भी उगानें को उत्सुक हुए हैं। किसानों से मोटे अनाज को प्राकृतिक



खेती सह जैविक खेती के तरीकों को अपनाते हुए खेती करने का आग्रह किया गया। उन्हें अपनें घर में मौजूद संसाधन से ही कीटनाशक बनाने की विधि बताई गई, उसके फायदें सुझाये गए। मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने बताया कि बदलते मौसम और असामयिक बारिश के कारण कृषि में मोटे अनाज एक बेहतर विकल्प साबित हो रहे हैं। कम पानी के साथ ही सीमित रोग ब्याधि के कारण भी किसानों का इसकी खेती की ओर झुकाव हो रहा है। अब मोटे अनाज को बाजार की दिक्कत नहीं है। यह बाजार में काफी महंगा भी बिक रहा है। इसमें कीटनाशक की जरूरत लगभग नहीं के बराबर होती है और यह कम पानी में तैयार हो जाता है और स्वास्थ्य के लिहाज से भी गुणकारी है। पारंपरिक खाद्यान गेहूं और चावल से अधिक समृद्ध हैं मोटे अनाज। डॉ चौधरी ने बताया कि मिलेट फसलों में पोषक तत्त्व की प्रचुर मात्रा होने के कारण इसे भगवान का अन्न अर्थात श्री अन्न का नाम दिया गया है।

## मिशन लाइफ अभियान को सफल बनायें अधिकारी : उपायुक्त

**खूंटी।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को जिले के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मिशन लाइफ के तहत प्रारंभिक दौर में मई से जून 2023 (विश्व पर्यावरण दिवस) तक सामूहिक जागरुकता और मॉबिलाइजेशन अभियान के सफल संचालन के संबंध में चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में मिशन लाइफ अभियान के दौरान सात चिह्नित थीम के तहत 75 सामान्य पर्यावरण फ्रेंडली कार्यों को लेकर आम लोगों का जागरूक किया जाएगा। चिह्नित सता थीम में ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग को अलविदा करना, संपोषणीय आहार को अपनाना, कचरे का प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना तथा ई-वेस्ट का प्रबंधन शामिल है।

## भाजपा की बैठक में एक महीने तक होनेवाले कार्यक्रमों पर चर्चा



खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में भाजपा के 30 मई से 30 जून तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विचार विमर्श किया गया और इसे सफल बनाने का निर्णय लियाग या। बैठक में खूंटी जिले के सातों मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मां भारती और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि देकर किया गया। पवन साहू ने सभी मोर्चा के अध्यक्ष और महामंत्रियों को 30 मई से लेकर 30 जून तक होनेवाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी और मोर्चा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने किया।

## झारखंड बोर्ड 31 मई को जारी करेगा आर्ट्स-कॉमर्स का रिजल्ट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड अधिविध परिषद (जैक) 12वीं कॉमर्स और आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट 31 मई को घोषित करेगा। जैक बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी करने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। झारखंड इंटर 12वीं आर्ट्स और कॉमर्स का रिजल्ट 2023 की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट्स र जारी की जाएगी। जेएसी रिजल्ट 2023 को चेक और डाउनलोड करने के लिए छात्रों को अपने रोल नंबर, जन्म तिथि और स्कूल कोड समेत अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साथ में रखने होंगे। उल्लेखनीय है कि 23 मई को जैक ने मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी किया था। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की थी।

## एसबीयू के 230 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**रांची।** सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के 2023 के पास आउट बैच के 230 विद्यार्थियों का विभिन्न नामचीन कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। इनमें एमबीए, एमकॉम, डिप्लोमा-मैकेनिकल एंड ट्रिपल ई के विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। बीटेक- मैकेनिकल के विद्यार्थियों का 85 प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। शेष बचे हुए अन्य ब्रांच की प्लेसमेंट की प्रक्रिया जारी है। एमबीए के छात्रों का उच्चतम पैकेज 9 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा, जबकि बीबीए-बीकॉम के छात्रों का 7.2 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा। बीटेक छात्रों का अधिकतम पैकेज 7.6 लाख प्रतिवर्ष रहा। इस वर्ष का औसत पैकेज 4.5 लाख रुपये रहा। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरि बाबू शुक्ला ने बताया कि 120 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुईं। 20 से अधिक कंपनियों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव की बात चल रही है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, रजस्ट्रार प्रो विजय कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, प्राध्यापकों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

**बुनकर प्रतिनिधियों के साथ सांसद का संवाद कार्यक्रम का आयोजन**

# सीएम से मॉब लिंचिंग कानून बनाने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार के विधान परिषद सदस्य रेशम और पर्यटन मंत्री सह हैंडलूम एंड खादी विकर्स को आपरेटिव के संस्थापक हाजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी के जन्मस्थली इरबा में भारत जोड़ो बुनकर जोड़ो बुनकर प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद , कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, इमरान प्रतापगढ़ी उपस्थित थे । इस अवसर पर इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग में जब से आया हूं तब से अल्पसंख्यकों के लिए काम कर रहा हूं और अल्पसंख्यक के लिए सिख, जैन, पारसी, बौद्ध, ईसाई और मुसलमान सभी को साथ लेकर चल रहे हैं, बोकारो में भी सिख समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मैंने अपने अल्पसंख्यक विभाग में यह कहा है कि हाजी मरहूम अब्दुर्रज्जाक अंसारी, कयूम अंसारी, मौलाना



बिहारी के जयंती और पुण्यतिथि पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा सोशल साइड में इसकी जानकारी प्रत्येक वर्ष शेयर करेगी और कार्यक्रम भी आयोजित करायेगी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जहां-जहां राहुल गांधी उपलब्ध नहीं हो पाए। उन राज्यों के जिलों में हम लोग कार्यक्रम की शुरूआत कर चुके हैं और यह कार्यक्रम उन सभी राज्य के जिलों में होंगे। बोकारो के बाद रांची और इसके बाद दूसरे राज्यों के जिले में भी हम लोग पहुंचेंगे और काम करेंगे। उन्होंने मॉब लिंचिंग मामले पर कहा है कि मिन्हाज, तबरेज, पहलू खान की बातों इनके साथ लिंचिंग हुई है, मैं उनके घर गया है उनके परिवारों के साथ खड़ा रहा है । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हम लोगों ने मुलाकात की थी और मॉब लिंचिंग कानून बनाने की मांग की थी इस पर उन्होंने पहल किया और राज्यपाल को मॉब लिंचिंग पर कानून बना कर भेजा भी था , लेकिन राज्यपाल ने उसे वापस कर दिया , तो हम लोग को फिर से इसे सुधार कर फिर से राज्यपाल के पास भेजने का काम करना चाहिए था। आगे उन्होंने कहा कि अडानी और अंबानी की जब बात हो रही थी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 7 फीट की दूरी पर मैं खड़ा था और मैं भी चुप नहीं था। जो आपकी परछाई से बच रहा है वैसे बुरे समय में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी आपके साथ हैं। उन्हें क्या जरूरत थी कि 34 साल के मेरे जैसे नौजवानों को सांसद में भेजने का? उनका उद्देश्य यही था कि मैं आपकी आवाज बने। ये हमारा हिंदुस्तान है और इस हिंदुस्तान में कांग्रेस ने मुसलमानों को बहुत कुछ दिया है। इसी कांग्रेस ने देश में डॉक्टर जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन, राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जैसे शख्सियत को राष्ट्रपति और स्वतंत्र सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद को प्रथम शिक्षा मंत्री बनाने का काम किया है । ऐसे कई राज्य हैं जहां पर मुस्लिम मुख्यमंत्री देने का काम किया है। हम अपने कांग्रेस को कैसे छोड़ सकते हैं, हां जिम्मेदार वो लोग हैं जिसे कांग्रेस ने काम करने के लिए आपके पास भेजा है और वह आपके लिए काम नहीं कर अगर मैं कुछ नहीं कर पाऊंगा तो आप मेरा कॉलर पकड़ सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि आज जो बुनकरों को सब्सिडी नहीं मिल रही है, इसके लिए वर्तमान की केंद्र में बैठी मोदी सरकार जिम्मेदार है।

## मोदी सरकार के 9 साल पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर का भाजपा पर हमला

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केन्द्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। गरीब व्यक्ति और गरीब हो रहा है। कांग्रेस नेता ने सोमवार को बातचीत में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार नौ वर्ष में हर मोर्चे पर विफल रही है। महिला, दलित, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। मोदी सरकार पिछले नौ सालों में संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। साथ ही उसका दुरुपयोग विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ कर रही है।

# दो किसानों के घर में लगी आग, घरेलू सामान जलकर हुआ खाक

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो थाना क्षेत्र के लेड़ाटोली मुरतो में सोमवार को अपराह्न लगभग बारह बजे दो किसानों सोमे उरांव पिता स्व जौरा उरांव व बंधना उरांव पिता गुल्लू उरांव के खपरैल मकान में आग लग जाने से घर में रखा नगद रुपये टीवी आधार कार्ड,बैंक पासबुक, चावल,कपड़ा समेत अन्य कई समान जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार सोमे उरांव मेहमानी गए हुए थे।वही बंधना उरांव के घर के सभी लोग खेत में काम करने गए थे। इसी बीच ग्रामीणों ने घर से धुआं उठते देखा। जिसके बाद वहां आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने बहुत



मुश्किल से पानी डालकर आग पर काबू पाया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद घर पहुंचे गृह स्वामी सोमे उरांव व बंधना उरांव ने बताया कि इस अगलगी में उनके द्वारा रखा धान, चावल, टेबल, कुर्सी, खेती के लिए रखे पैसे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया सुनीता सोरेन व पूर्व मुखिया नेल्सन कुजुर घटना स्थल पहुंचे। मुखिया ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रशासन से मिलकर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। वहीं अगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**खूंटी।** खूंटी-तोरपा मुख्य पथ में मुरहू थाना के कुंजला स्थित सैलेश्वरी भवन मोड़ के पास एक तेज रफ्तार वाहन मोटरसाइकिल को पीछे से ठोकर मारते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में पक्की सड़क पर गिरकर मोटरसाइकिल चालक मुंडा कुंजला गांव के रोहन तिड़ू (34) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रोहन को आसपास मौजूद लोग इलाज के लिए तुरंत सदर अस्पताल खूंटी ले गये, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मुरहू थाने में अज्ञात वाहन और उसके चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मोटरसाइकिल को चपेट में लेकर फरार होने वाले वाहन का पता लगाने के प्रयास में जुटी है।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा भारत का मान : डॉ. देवशरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि देश में मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सुरक्षा व्यवस्था पहले से काफी मजबूत हुई है। भगत सोमवार को मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर मीडिया से विशेष बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पड़ोसी देशों से भी रिश्ते बेहतर हुए हैं।उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बहुत सारे देशों का आर्थिक स्थिति चरमरा गयी थी, लेकिन भारत को आर्थिक रूप से कोई फर्क नहीं पड़ा। कोरोना के संकटकाल में भी दूसरे देशों को वैक्सीन देकर भारत ने सहयोग किया। लॉकडाउन सहित कई कड़े फैसले ने कोरोना जैसी महामारी से देशवासियों की रक्षा की। मुफ्त में देशवासियों को वैक्सीन दिया गया। यह मोदी सरकार की सूझबूझ और



ऐतिहासिक कार्य को दर्शाता है। डॉ भगत ने कहा कि देश में आतंकवाद और विघटनकारी शक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए मोदी सरकार ने देश को मजबूत एवं सशक्त किया है। साथ ही देश की एकता, अखंडता और भाई चारगी को बनाए रखने के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं ,जो अपने आप में ऐतिहासिक है।

देश की सुरक्षा में लगे सेना को मजबूत करने के लिए कई नए उपकरण से लैस किया गया है।

**चेतावनी** नामांकन की मांग को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

# अभाविप ने आंदोलन करने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम करमचन्द भगत महाविद्यालय बेड़ो के प्रचार्य डॉ राजा अजित से मिलकर उन्हें इंटरमीडिएट में नए सत्र में माध्यमिक पास छात्र छात्राओं को नामांकन फॉर्म देने व नामांकन लेने हेतु एक ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि करमचन्द भगत कॉलेज बेड़ो में स्थापना काल से ही इंटरमीडिएट की पढ़ाई चल रही है।जिसमें इंटर कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित होती आ रही हैं। यहाँ सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों व जनजातीय क्षेत्रों से हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। जो माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण करने के बाद पूरी तरह से इसी महाविद्यालय में निर्भर व आश्रित रहते हैं। चूंकि ग्रामीण व निर्धन विद्यार्थियों के लिए बाहर जाकर इंटर की पढ़ाई करना



संभव नहीं होता है। इसीलिए इस वर्ष से महाविद्यालय में नए सत्र में माध्यमिक पास छात्र छात्राओं को इंटरमीडियट में नामांकन हेतु फॉर्म नहीं देना व नामांकन नहीं लेना बहुत ही दुखद एवम चिंताजनक है। साथ ही अभाविप के कार्यकताओं ने कहा कि इस वर्ष से इंटर में नामांकन नहीं लेने से छात्र छात्राओं में निराशाजनक व असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं सभी विद्यार्थी परेशान होकर नामांकन की आस लगाए बैठे हैं। प्राचार्य से वार्ता करते हुए अभाविप ने कहा कि ऐसे सुदूरवर्ती इलाकों के हजारों ग्रामीण छात्रों के भविष्य की चिंता करते हुए शिक्षा विभाग व रांची विश्वविद्यालय प्रशासन को शीघ्र ही छात्र हित में समुचित कदम उठाना चाहिए। अन्यथा ग्रामीण क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों का शैक्षणिक जीवन अंधकारमय हो जाएगा। साथ ही ऐसे विद्यार्थी उच्च शिक्षा पाने से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिए इस महाविद्यालय को छोड़कर इसकी वैकल्पिक व्यवस्था भी इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है। साथ ही अभाविप ने प्राचार्य से छात्रों के व्यापक हित में शीघ्र ही माध्यमिक पास विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट में नामांकन हेतु फॉर्म देने का मांग किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि छात्रहित को नजरंदाज किया गया तो विद्यार्थी परिषद इस मामले को गम्भीरता से लेकर आने वाले दिनों में आन्दोलन करेगी।

## मांडर प्रखंड अंतर्गत पांच पंचायतों में विकास की नीव रखी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के पांच पंचायतो मे जल मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम के तत्पश्चात विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर बैठक किया, और इस योजना की जानकारी दिया कि कैसे इस योजना के तहत जल पंचायत के हरेक गांव के घर घर मे पहुंचाया जायेगा। पीएचडी विभाग के जेईई ने भी लोगो को बताया कि कहां-कहां पॉइंट दिया गया है, और एक पॉइंट मे कितना गहराई रहेगा, और उस पॉइंट से पम्प के माध्यम से कितने घरों मे पानी पहुंचाया जायेगा। विधायक ने बैठक मे ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को भी सुनकर जिसका तुरंत निदान कराया जा सकता था उसका निदान कराया, कुछ समस्याओ का निदान कराने मे समय लगता उसे जल्द निदान करा देने का भरोसा दिलाया।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा

अति अल्पकालीन निविदा

सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रॉची के पत्रांक (N) 543(अनु0), दिनांक 21.04.2023 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत "बिरसा हरित ग्राम योजना" के तहत चतरा जिला में गुणवतापूर्ण Grafted/ Layered आम, अमरूद, नीम्बू, कटहल एवं Drum Stick आदि की खरीदारी के लिए दर निर्धारण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

उक्त के आलोक में NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु दिनांक 09.06.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा उप विकास आयुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक चतरा के कार्यालय में जमा करेगें तथा दिनांक 09.06.2023 के अपराह्न 2:30 बजे जिला स्तरीय कय समिति तथा उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जाएगी । NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित किया जाता है। लिफाफे के उपर साफ–साफ शब्दों में Quatation for Plantation under MGNREGA अंकित कर जमा करना होगा ।

नोटः– निविदा से संबंधित शर्तें जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है ।

उप विकास आयुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक
चतरा ।

PR 298553 Rural Development(23-24)D

## नागपुरी संस्थान प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

# 152 मरीजों का किया गया इलाज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के पिठोरिया गांव स्थित नागपुरी संस्थान शोध व प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय कुमार केसरी और डॉ. सुनीता केसरी ने किया। इस दौरान डॉ. अविनाश गुप्ता और डॉ गीता गुप्ता ने दोनों को बुके देकर सम्मानित किया। शिविर में प्राण बजाना क्लीनिक इन एसोसिएशन व आशा एनजीओ की मदद से 152 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हृदय रोगियों का इलाज हुआ। इलाज से पहले मरीजों का वेट, पल्स, बीपी और शुगर की भी जांच की गई। साथ ही जांच के लिए 73 मरीजों का बल्ड सैंपल लिया गया। वहीं 27 लोगों का इसीजी, 12 का यूरिन, तीन का बलगम और 14 मरीजों के थायराइड की जांच की गई। सभी मरीजों को दवा भी उपलब्ध कराया गया। मरीजों का इलाज अमेरिकी डॉक्टरों की टीम ने किया। जिसमें प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अविनाश गुप्ता, मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. शाश्वत केसरी और डॉ. श्रेया की ओर से किया गया। इलाज कराने वाले मरीजों में पिठोरिया व आसपास के गांवों के अलावा पुरुलिया, बेड़ों, लोहरदगा, रांची, मेसरा व पतरातू सहित दूर-दराज से लोग पहुंचे थे। शिविर के आयोजन से क्षेत्र के लोग बहुत खुश थे। शिविर को सफल बनाने में समन्वयक डॉ. संजय कुमार केसरी, डॉ। सुनीता केसरी, आशा एनजीओ के प्रमुख अजय जयसवाल, संस्थान के सचिव सुजीत कुमार केसरी, अनन्य नमन केसरी, लतीफ अंसारी, राजेश साहू, संध्या रानी, सीमा, सुनीता, जिउनी, नमीदिता व संस्थान के स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## भारतीय लोक कल्याण संस्थान ने हस्तशिल्प प्रशिक्षण केन्द्र का किया भ्रमण



**रांची।** सोमवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड रांची के क्रियान्वयन एजेंसी भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा विशेष घटक योजना अंतर्गत हस्तशिल्प प्रशिक्षण हेतु चयनित केंद्र का भ्रमण आतेन विश्वासनी टोपनो, जिला समन्वयक एवं मोहम्मद साजिद के द्वारा हटिया तलाब नायक टोला चुटिया में किया गया इस केंद्र में हस्तशिल्प प्रशिक्षण के अंतर्गत ढाक ढोलक मांदर एवं नगाड़ा वाद्य यंत्र के निर्माण का 25 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा इस अवसर पर चयनित प्रशिक्षुओं के अलावा भारतीय लोक कल्याण संस्थान की ओर से बलेश्वर नायक विष्णु मुंडा राजकुमार एवं राजीव रंजन उपस्थित थे।

# 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड रखा लोकतंत्र को मजबूत बनाये रखा : कांग्रेस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड और लोकतंत्र को मजबूत रखा। पाकिस्तान की तरह यहां सैनिक शासन नहीं लगने दिया। इसलिए यहां सरकारें बनती है और बदलती है और वर्तमान सरकार अगर बनी तो इसलिए बनी है। क्योंकि देश में लोकतंत्र की जड़े मजबूत रही है। सिन्हा सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल बीके सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इन नौ सालों में जितनी बेरोगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न के मामले बढ़े है। देश की बेटी ने सत्ता पक्ष के सांसद के उपर यौनशोषण का आरोप नौ सालों में ही लगा है। देश की अर्थव्यवस्था इन नौ साल में पूरी तरह चरमरा गई है, जहां तक 70 सालों की बात है, राज्यमंत्री को शायद जानकारी का आभाव है तो कुछ जानकारी दे दूं, ऐसे उपलब्धियों की सूची बहुत लंबी है। नेहरु के शासन काल में इसरो, तारापुर अणुशक्ति, आईआईएम, आईआईटी, भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, सरदार सरोवर, भाखड़ा नांगल बांध, एशियन गेम्स की मेजबानी जैसे कई बड़े काम किए गए। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बीएसएफ की स्थापना, डेयरी विकास, पाकिस्तान पर विजय के साथ ही जय जवान जय किसान के स्लोगन से देश की तस्वीर बदलने का काम किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने, मिसाइल टैंक से लैस करने, पाकिस्तान को विभाजित करने के साथ-साथ देशहित में कई बड़े फैसले लेने के लिए याद की जाती है।

## इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी प्रतिभा ने किया समारोह आयाोजित

# खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वावधान में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन डंगरा टोली चौक स्थित एक होटल में किया गया। समारोह में पिछले दिनों ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में राज्य के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विशिष्ट अतिथि खूंटी सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उसे निखारने की जरूरत है। हमारे कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि जिस प्रकार से राज्य के खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर राज्य के लिए पदक जीता है। इन खिलाड़ियों का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

## राहे और सोनाहातू में आयोजित की गई किसान गोष्ठी

**रांची।** प्रखंड के महेशपुर गांव में सोमवार को किसान गोष्ठी सह जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर में बीटीएम अंजीव कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को मिशनलाइफ, फोम, आइफॉम, आधुनिक कृषि, गोवर्धन योजना, पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं पीएम किसान निधि, केसीसी ऋण माफी के लिए ईकेवाईसी कराने, खरीफ सीजन के लिए बीज वितरण योजना के लिए आवेदन देने के बारे में बताया। मौके पर कृषक मित्र अक्षय महतो, लहरू महली, सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमला केस में दो माओवादियों पर एनआईए ने की चार्जशीट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। एनआईए ने पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले व दो अंगरक्षकों की मौत के मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। एनआईए ने दूसरी चार्जशीट में भाकपा माओवादी तिवारी बंकीरा उर्फ शाका (25) व सदन कोड़ा उर्फ साजन को आरोपी बनाया गया है। दोनों भाकपा माओवादियों के सशस्त्र दस्ते के सदस्य रहे हैं। एनआईए ने रांची में विशेष अदालत में दायर अपनी चार्जशीट में पश्चिम सिंहभूम के रहने वाले दोनों माओवादियों के आईपीसी व यूएपीए के विभिन्न धाराओं के तहत आरोपित किया है। तिवारी को एनआईए ने 30 नवंबर 2022 को व सदन को 13 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि चार जनवरी 2022 को चाईबासा में भाकपा माओवादियों के सशस्त्र दस्ते ने गुरुचरण नायक पर तब हमला बोल दिया था, जब वह एक खेल प्रतियोगिता में शामिल होने गए थे। मामले में चाईबासा पुलिस ने गोयलकेरा थाने में एफआईआर दर्ज की थी, बाद में एनआईए ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर इस केस को टेकओवर कर नए सिरे से अनुसंधान शुरू किया था। एनआईए ने इस मामले में पहली चार्जशीट में भाकपा माओवादियों के 14 सदस्यों पर 31 दिसंबर 2022 को चार्जशीट दायर की थी।




झारखण्ड सरकार

ध्यानार्थ !

सभी तम्बाकू विक्रेता

सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ या सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद का विक्रय, विक्रय करने की प्रस्थापना या विक्रय करने की अनुमति देना या पेश करना, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन, 2003 (COTPA) की धारा 6(a) एवं Juvenile Justice Act (Care and Protection of Children) 2015 की धारा 77, के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

सभी तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद विक्रेता, तम्बाकू बिक्री स्थल पर नीचे दर्शाये गये बोर्ड (प्रारूप एवं मापदण्ड के अनुरूप) का प्रमुखता से प्रदर्शन करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लघंनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

फ्लैक्स/बोर्ड का प्रारूप निम्न प्रकार से है :-




आज ही तम्बाकू की लत से अपने को आजाद करें।
कॉल करें– टॉल फ्री नंबर– 1800–11–2356, प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक (सोमवार छोड़कर)

104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 298357 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

NEWS इन ब्रीफ

## गरीबों को मुफ्त मिलेगा पानी-बिजली कनेक्शन : चम्पई



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम में रहने वाले गरीब परिवारों को पानी-बिजली कनेक्शन मुफ्त मिलेगा। यह जानकारी सोमवार को मंत्री चम्पई सोरेन ने नगर आवास, पेयजल और बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि शहर में भी गरीब परिवार रहते हैं जो 7 हजार रुपए देकर पानी का कनेक्शन लेने में असमर्थ हैं। उन्होंने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से 100 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले पूरे जिले में कितने लोग हैं, उसकी सूची भी उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उन्हें नगर निगम और पेयजल के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि 7 जून को सम्पूर्ण जलापूर्ति का जिम्मा जिंदल को सौंपा जा रहा है। उसे जिम्मा लेने के बाद 14 जून तक संसाधन को दुरुस्त करने का इस्टीमेट देने का निर्देश भी दिया गया है।

## झारखंड वॉलीबॉल संघ के सदस्य इंद्रदेव राम का निधन

**रांची।** झारखंड वॉलीबॉल संघ के सदस्य और रांची विश्वविद्यालय के खेल विभाग में पदस्थापित इंद्रदेव राम का ईलाज के क्रम में रविवार रात निधन हो गया। राम विगत कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर काफी परेशानियों से जूझ रहे थे। उनके निधन पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव, शेखर बोस सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के अन्य सभी सदस्यों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

## वेतन भुगतान को लेकर जलसाहियाओं का धरना प्रदर्शन

**खूंटी।** खूंटी जिला समाहरणालय के सामने जलसाहियाओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। बता दें कि जल सहियाओं को विगत 48 माह से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। खूंटी, कर्रा, अड़की, रनियां, मुरहू और तोरपा प्रखण्ड से बड़ी संख्या में जलसहिया धरना प्रदर्शन में शामिल रहीं। धरना प्रदर्शन के पश्चात जलसाहियाओं ने उपायुक्त के नाम पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जलसाहियाओं ने उपायुक्त को बताया कि खूँटी जिला में कार्यरत करीब 755 जल सहिया को विगत 48 माह से मानदेव एवं प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान को लेकर आज तमाम जल सहियाओं ने संघ के बैनर तले समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया।

### संथाल में संगठन मजबूती को लेकर आजसू ने किया कार्यशाला का आयोजन

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं : डा. देवशरण



**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**

आजसू पार्टी संथाल में अपने संगठन विस्तार और मजबूती के लिए गांव-गांव तक पहुंचने की तैयारी में है। इसे लेकर आजसू कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के तहत जामताड़ा में विगत रविवार को आजसू पार्टी ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें ग्राम प्रभारियों को ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर दिया गया। इसकी मदद से संगठन का विस्तार कैसे किया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। जनता के सवालों को हल करने में सक्षम होते हैं। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। साथ ही प्रशिक्षण लेने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से संगठन के विस्तार और नेतृत्व क्षमता के गुर सिखाए। गांव के प्रत्येक व्यक्ति के घर तक कैसे पहुंचे, उसके बारे में भी टिप्स दिए गए। बताया कि कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन को मजबूत करने और अपने आप को एक सशक्त कार्यकर्ता के रूप में उभारने को कहा। कहा कि सभी आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार रहे देवशरण भगत ने बताया कि संगठन का विस्तार कैसे हो, अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता से उनकी पार्टी के कार्यकर्ता अलग कैसे दिखे, ग्राम प्रभारी गांव के परिवार से कैसे जुड़े, इसे लेकर पार्टी कार्यक्रम चला रही हैं। जिसके तहत जामताड़ा विधानसभा में कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ता जनता के सवालों का हल और जवाब देने में भी सशक्त होंगे। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत वर्तमान सरकार पर जमकर बरसे। कहा कि यह सरकार पर लूट-खसोट की सरकार है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार बेटा- बेटी, भाई-बहन समेत सात लोग घायल

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बेटा-बेटी, भाई-बहन समेत सात लोग घायल हो गए। पहली घटना दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर कुकुरतोपा गांव के समीप घटी। वहां हादसे में बाइक सवार मनोज सोरेन, उसकी पत्नी वार्ड सदस्य फेलोमिना हांसदा, दस साल का बेटा अंशू मरियानुस एवं पांच साल की बेटी रेनू घायल हो गई। दूसरी घटना भुरकुंडा गांव के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में रूस्तम अंसारी, छोटा भाई अब्दुल कलाम और बहन नाजनीन खातून घायल हो गये। सभी को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। मनोज सोरेन की हालत गंभीर बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार कुकुरतोपा गांव निवासी मनोज सोरेन पूरे परिवार के साथ बाइक से दुमका से घर लौट रहा था। गांव से पहले ही अज्ञात वाहन ठोकर मारकर भाग निकला। हादसे में मनोज, उसकी पत्नी व बेटा बेटी घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## पैलिएटिव केयर यूनिट का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

देवघर स्थित स्थानीय सदर अस्पताल भवन में पैलिएटिव केयर यूनिट का उद्घाटन किया गया। सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने फीता काटकर यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सी के शाही भी उपस्थित थे। उद्घाटन अवसर पर सिविल सर्जन डॉ चौधरी ने कहा कि पैलिएटिव केयर यूनिट के आरंभ होने से यहां भर्ती असाध्य रोगियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। रोगियों का सम्पूर्ण चिकित्सा विवरण डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रखा जाएगा। इससे यहां भर्ती असाध्य मरीज यदि अन्यत्र किसी बड़े संस्थान में इलाज करवाने जाते हैं तो उन्हें अन्य विवरण अलग से देने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि डिजिटल माध्यम से पूर्व से दिए जा रहे सभी तरह का इलाज, दवाइयों का विवरण स्वतः मिल जाएगा।

### भारत माला परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्यों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# जल्द से जल्द कार्य पूरा होने की दिशा में करें कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची । सोमवार को उपायुक्त राँची, राहुल कुमार सिन्हा ने भारत माला परियोजना के अंतर्गत गोला ओरमांझी सेक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारत माला परियोजना, अरविंद कुमार, अंचल अधिकारी ओरमांझी, विजय केरकेट्टा, सड़क निर्माण कर रही कंपनी पी आर ए. इंडिया के अधिकारी, भारत माला कानूनगो, के.के. वर्मा, सी.पी.एम. मोहन मिश्रा, जी.एम. एन एच ए आई और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा भारत माला परियोजना अंतर्गत गोला ओरमांझी सेक्शन के निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले चारु मौजा पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य देख कर निर्माण कार्य ससमय पूरा कराने के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारत माला एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कार्य पूरा होने की दिशा में कार्य करें। चारु मौजा के जोबला में संबंधित अधिकारियों द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एन. एच. आई. एवं अतरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य तेजी से करते हुए इसे ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें एवं मुआवजा राशि का जल्द से जल्द भुगतान कराएं। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा निरीक्षण के क्रम में गेतलसूद एवं रुक्का डैम भी गए। उन्होंने कहा कि यहाँ पर्यटन की असीम संभवनाएं हैं। यहाँ टूरिज्म कॉम्प्लेक्स (रिसॉर्ट) निर्माण करा कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। जो आस-पास के लोगों को रोजगार सृजन कराने में मदद करेगा। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी ओरमांझी ने बताया कि 5 एकड़ भूमि रुक्का डैम में उपलब्ध कराया जा सकता है। जिसपर उपायुक्त राँची, ने निर्देश दिया कि जल्द भूमि चयन कर उपलब्ध कराएं ताकि निर्माण संबंधित प्रस्ताव सम्बंधित विभाग को भेज कर इसे शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा सके।

## जिलाध्यक्षों की अनुमोदित सूची जारी

**रांची ।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस भवन, रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। बैठक में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नेटा डिजूसा द्वारा 09 जिलाध्यक्षों की अनुमोदित सूची को जारी की गई तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्षों (कोडरमा, पलामू, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रांची महानगर, सरायकेला, जामताड़ा, गोड्डा) को नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि आप संगठन को मजबूत बनाते हुए महिला कांग्रेस कमिटी को अपनी कर्तव्यनिष्ठा से और अधिक बढ़ायेंगे और राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेटा डिजूसा एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी।

# नाबालिगों को अपराधी बनाने वाला कारू गिरफ्तार, दूसरे शातिर की तलाश जारी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

नाबालिगों को दो हजार रुपये का लालच देकर अपराध में धकेलने वाले शातिर दीपक शर्मा उर्फ कारू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कारू की निशानदेही पर धरियाडीह निवासी रमेश कुमार दास उर्फ गुडला के घर में छापेमारी की गई है। रमेश के घर से चोरी की तीन बाइक भी बरामद की गई है। हालांकि रमेश पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। यहां बता दें कि रमेश गिरफ्तार कारू का साथी है और नाबालिगों से अपराध करवाने में शामिल रहा है।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल बाइक चोरों के खिलाफ डीएसपी संजय राणा व नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। दो दिन पूर्व बाइक चोरी के आरोप में दो नाबालिगों को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया था। इनके पास से चोरी की एक बाइक बरामद हुई थी। दोनों से पूछताछ हुई और चोरी की छह और बाइक बरामद की गई। यहां पर दोनों नाबालिगों ने बताया कि झगरी का कारू और धरियाडीह का रमेश दास नाबालिगों से बाइक की चोरी करवाता है। एक बाइक के बदले नाबालिगों को दो हजार रुपये दिये जाते हैं। दोनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजने के बाद नगर थाना प्रभारी ने कारू और रमेश की तलाश शुरू की।

# लाइनमैन के साथ सात मारपीट, घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके। थाना क्षेत्र के बुकरू चामा गांव में बिजली दुरुस्त करने पहुंचे लाइनमैन नईम अंसारी को नगड़ी निवासी आकाश कच्छप, अघनू गाड़ी सहित छह-सात लोगों ने जमकर पिटाई की। घटना रविवार की देर रात मारपीट में नईम के सिर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने पर कांके पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तब तक सभी आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। कांके पुलिस और परिजनों के सहयोग से देर रात कांके स्वास्थ्य केंद्र में घायल लाइनमैन का इलाज कर घर भेजा गया। इस मामले में बिजली विभाग के जेई, बिजली आपूर्ति प्रशाखा पिठोरिया ने कांके थाना में आकाश कच्छप, अघनू गाड़ी सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार रविवार रात तकरीबन 10.30 बजे बुकरू चामा गाँव में बिजली की तार गिर गई थी। जिसे लाइनमैन नईम अंसारी अपने सहयोगी मालिक अंसारी के साथ ठीक करने पहुँचे थे। वहीं 7-8 की संख्या में पहले से कुछ लोग मौजूद थे और किसी बात को लेकर लाइनमैन से उलझ कर मारपीट करने लगे। इस दौरान युवा कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर देर रात किसी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे, मारपीट कर रहे बदमाशों के चंगुल से लाइनमैन को बचाया।

# पूछताछ के बाद पुलिस अन्य साथियों की तलाश में जुटी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मृत्युंजय कुमार साव है और वह नामकुम इलाके का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने दो बाइक बरामद किए हैं। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि कांके मिसिर गोंदा निवासी प्रदीप कुमार की बीते 25 मई को बाइक चोरी हो गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने तफ्तीश की। पुलिस को सफलता हाथ लगी। इसी बीच पुलिस की टीम को यह जानकारी मिली कि आरोपी लोवाडीह इलाके में है। टीम ने लोवाडीह स्थित संतोष कच्छप के मकान में छापेमारी की। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे खदेड़कर दबोचा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने लोवाडीह से चोरी की दो बाइक बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी विकास राज के साथ मिलकर बाइक चोरी करता था। चोरी की बाइक वह बिहार के नवादा में खपाता है। उसने पुलिस को बताया कि वह कई बाइक की बिक्री कर चुका है। आरोपी से पूछताछ कर पुलिस उसकी निशानदेही पर अन्य साथियों की तलाश में जुट चुकी है। गौरतलब है कि राजधानी में इधर अपराध की घटनाएं बढ़ गई है।

## गिरिडीह में मुंबई की दो बहनों ने ली जैन धर्म की दीक्षा

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के तीर्थ सम्मेद शिखरजी मधुबन स्थित जैन श्वेतांबर संस्था तलेटी तीर्थ में मुंबई की दो कुंवारी बहनों ने सोमवार को जैन धर्म की दीक्षा लिया। जिस माया नगरी मुंबई में मॉडलिंग और रैंप कर 16-17 साल की युवतियां फिल्मी दुनिया में करियर बनाने प्रवेश करती है। उसी माया नगरी मुंबई की दो चचेरी बहनों ने सांसरिक जीवन का त्याग कर सोमवार को जैन साध्वी का वेशभूषा धारण कर ली। आठ साल बाद एक साथ दो चचेरी बहनों ने विधि-विधान के बीच केशलाचन का विधान पूरा की और सफेद वस्त्र धारण कर जैन साध्वी बन गई। सोमवार को जैन मुनि आचार्य भगवंत मुक्ति प्रभ सूरी जी महाराज के सानिध्य में मुंबई की दर्शी बेन और देशना बेन ने खुद की मेहनत से अर्जित कमाई को सम्मेद शिखर मधुबन के कई गांवों के गरीब और जरुरतमंद ग्रामीणों के बीच झूमते-गाते हुए बांटी।

### संकट | मूलभूत सुविधाओं से वंचित है यह गांव, सड़क का पता नहीं

# डोभा के पानी से लोग अपनी बुझाते हैं प्यास



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

विकास की बाट जोहता एक ऐसा गांव जहां के ग्रामीण आजादी के 75 वर्षों बाद भी सड़क और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यह गांव है जरमुंडी प्रखंड के भोड़ाबाद पंचायत का बसगोहरी गांव। चारों ओर से पहाड़ियों से घिरे प्राकृतिक छटा बिखेरते आदिवासी बाहुल्य बसगोहरी गांव के ग्रामीण वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। बसगोहरी गांव पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। पगडंडियों के सहारे एक किलोमीटर चलकर ग्रामीण मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल तक नसीब नहीं है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि जल्द ही गांव में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। गांव में स्थित एक मात्र कुंए के पानी से ग्रामीण अपनी प्यास बुझाते हैं। भीषण गर्मी के कारण कुआं भी सूख गया है। बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेत में एक गड्ढा खोद कर पीने के पानी की व्यवस्था की है। उसी गड्ढे के गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। गांव में एक स्कूल भी है और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे इसी डोभा का पानी बोतल में भरकर अपने साथ स्कूल ले जाते हैं। वहीं विद्यालय में एमडीएम निर्माण के लिए रसोईयाओं को भी उसी गड्ढे के जल का उपयोग करना पड़ता है। इस गांव में आज तक चापानल नहीं लगा है। चापानल यहां के लोगों के लिए सिर्फ सपना बनकर रह गया है। ग्रामीण बताते हैं कि सड़क पानी जैसी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक कई बार गुहार लगाई है, परंतु उनकी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। हालात जस की तस है। बहरहाल गर्मी छुट्टी के बाद स्कूल भी खुल जाएंगे और बच्चे विद्यालय में पढ़ने आएंगे। अब सवाल है कि क्या उन्हें शुद्ध पेयजल नसीब हो पाएगा या फिर वे अपने साथ गड्ढे का ही पानी बोतलों में भरकर विद्यालय आएंगे? स्थानीय मंत्री से इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमें जानकारी नहीं है, हम पता लगाते हैं उसके बाद ही कुछ बता पाएंगे।बता दें कि जरमुंडी प्रखंड से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बसगोरिया गांव में अब तक गांव जाने के लिए ना तो सड़क है ना ही पेयजल के लिए एक भी चापानल। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने कई बार स्थानीय प्रतिनिधियों से लेकर स्थानीय विधायक सह मंत्री बादल से कई बार गांव के लिए पेयजल की व्यवस्था करने को कहा लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई पहल नहीं की गी है। मजबूरी में हम लोग डोभा का पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। झारखंड सरकार विकास का लाख दावा करने लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

## दुर्गाचरण मुंडा हत्याकांड का खुलासा दो गिरफ्तार

**रांची।** तमाड़ थाना पुलिस ने दो अपराधियों को कार्तिक मुंडा और सुरेन्द्र मुंडा गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयोग किया गया टांगी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दुर्गाचरण मुंडा देवड़ी मंदिर के नजदीक स्थित पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकालने गये थे। वापस नहीं आने पर दोपहर 12:00 बजे तक घर नहीं आये तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में आहिर टीकर गांव के करीब 500 मीटर की दूरी पर दुर्गाचरण मुंडा का शव बरामद किया गया। इस संबंध में 27 मई को मृतक के पिता करमचंद्र मुंडा ने थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी कार्तिक मुंडा ने बताया कि उसे टीबी की बीमारी हो गयी थी।

# दुमका में 'मन का मिलन' पखवाड़ा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

लोगों को सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सोमवार को 'मन का मिलन पखवाड़ा' का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 29 मई से 14 जून तक चलने वाले पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकार अध्यक्ष सह प्राधन जज अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत के नेतृत्व व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित हुई। कार्यक्रम के लिए व्यवहार न्याय सदन सहित चार बेंच बनाये गये थे। जहां मिडिएटर, टेली लॉ के अधिवक्ता, महिला थाना प्रभारी एवं विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी और सहयोग के लिए पीएलवी मौजूद थे। जहां न्याय के आस में न्यायलय का चक्कर लगा रहे लोगों को जागरूक किया। लोगों के बीच पम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोग छोटे-मोटे विवाद के कारण अधिकांश समय न्यायलय नष्ट कर देते है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजन और इसके माध्यम से वादों के निष्पादन से समय और पैसे की बचत होता है। जिससे न्यायलय में भी छोटे मोटे विवाद के कारण मामले की बोझ में भी कमी आती है। नालसा और झालसा ऐसे विवादों के निपटारा के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित की है। जिससे लोगों को सुलभ और जल्द न्याय बिना किसी खर्चे के मिल सके। जिसमें दोनों पक्ष के बीच मध्यस्थता कर आपसी विवादों को बिना किसी खर्चे के निपटारा किया जाता है। इसमें किसी पक्ष की नहीं हार होती है और नहीं जीत। वादों को गोपनीय तरीके से सुलझाया जाता है। इस कार्यक्रम मे मुफ्त परामर्श की सेवाएं दी जाती है। कार्यक्रम में लंबित या मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों का आवेदन लेते हुए उचित सुझाव दिए जायेंगे। यह कार्यक्रम 29 मई से 14 जून तक सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक चलेगा।

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन

# ग्रामीण कौशल योजना से जुड़ें लोग : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे सहित अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों का पौधा देकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया जिसके उपरांत उपायुक्त सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देने के क्रम में बताया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई, नर्सिंग के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है।



खास बात यह है कि योजना के तहत 3 माह से लेकर 2 साल तक के प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को किसी भी तरह का कोई भी खर्च वहन नहीं करना होता है। सरकार द्वारा प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान समय में योजना को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों आदि की सहभागिता किस प्रकार से इस योजना को सफल करने में सुनिश्चित की जाए के संबंध में सभी को जानकारी दी जा रही है। मौके पर उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि योजना के सफल संचालन में आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। खास तौर पर उपायुक्त ने पुलिस पदाधिकारियों को थाना स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने एवं विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के क्रम में युवाओं को योजना के प्रति जानकारी देने व उन्हें योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। कार्यशाला के दौरान उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से उपायुक्त ने विशेष रुप से अपील करते हुए योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को योजना से जोड़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि अगर इस योजना को सही तरीके से धरातल पर उतारा जाए तो रामगढ़ जिले के विकास में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने योजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी देते हुए सभी से योजना को सफल बनाने एवं अधिकारियों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों को योजना के क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की वही अपर समाहर्ता नेल्सम ए एयोन बागे ने बहुत ही सरल भाषा में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की सभी को जानकारी देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से योजना को सफल बनाने में अपना योगदान देने की अपील की। इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह ने उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, अपर समाहर्ता सहित अन्य अतिथियों, अधिकारियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी का कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं, उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना को रामगढ़ जिले में धरातल पर उतारते हुए ज्यादा से ज्यादा योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को इससे लाभान्वित करने हेतु जेएसएलपीएस कार्यालय रामगढ़ द्वारा तैयार किए गए रोड मैप की सभी को जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रबंधक कौशल एवं रोजगार श्री रमन कुमार के द्वारा दिया गया। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस पदाधिकारियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजस्व व विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक

## सरकारी जमीनों पर न हो किसी भी तरह का अतिक्रमण : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी लेने के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर सरकारी जमीनों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण, अतिक्रमण व अवैध रूप से जमीन का इस्तेमाल ना किया जाए। अगर कहीं पर भी इस प्रकार का कोई भी मामला सामने आता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इसकी जानकारी जिला स्तर पर देना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने म्यूटेशन संबंधित मामलों सहित अंचल कार्यालय द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए/ एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में राजस्व कार्यालय एवं संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने एवं विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## टॉल कर्मियों ने इंस्पेक्टर को अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**बरही ।** रसोईया धमना स्थित टॉल प्लाजा कर्मी संघ ने प्रबंधन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा दिया है. टॉल संघ ने प्रबंधन पर अपने अधिकारों के हनन का आरोप लगाया है. इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं को अवगत कराया है. मांग पत्र में 10 प्रतिशत की वेतन वृद्धि, पे स्लिप के साथ श्रम कानून के नियमानुसार वेतन उपलब्ध कराने, दुर्घटना व चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक दीपावली 10 प्रतिशत वार्षिक बोनस, नियमानुसार छुट्टी, रात्रि ड्यूटी भत्ता, भविष्य निधि, निःशुल्क भोजन व आवास, रेन कोट, जैकेट, टोपी आदि उपलब्ध करवाने की बात को गई है. इंस्पेक्टर से मिलने वालो में अध्यक्ष रामचंद्र साव, महामंत्री सतीश कुमार, उपाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, चंदन कुमार आदि मौजूद थे.

### अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

# सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें

**नवीन संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभागार में सोमवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ नेल्सम एयोन बागे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को मध्याह्न भोजन के संचालन के दौरान विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए चावल का उठाव करने व खाद्य पदार्थों से संबंधित रोस्टर का पालन करने का निर्देश दिया। वहीं,बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया की चयनित उत्कृष्ट विद्यालयों में भी कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन की सुविधा कराई जाएगी



जिसे लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्य किया जा रहा है। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने एवं मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का भी जायजा लेने व सभी स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप के लिए भी समय-समय पर कैंप आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के क्रम में अपर समाहर्ता ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में मध्याह्न भोजन हेतु उपलब्ध राशन सामग्रियों, आवंटन की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुए कहां की सभी विद्यालयों में मध्यान भोजन की सारणी वॉल पेंटिंग करने एवं किसी भी विद्यालय में मध्यान भोजन को कोयले से ना बनाकर गैस का प्रयोग करने का निर्देश दिए। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,नगर प्रबंधक

## सिद्धांत कुमार सिंह का आकांक्षा परीक्षा में चयनित



**बरही ।** प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय गौरियाकरमा के सिद्धांत कुमार सिंह के आकांक्षा परीक्षा में मेडिकल स्ट्रीम से सफलता पाकर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है । जानकारी के अनुसार इन्होंने इस परीक्षा में 171 वां रैंक हासिल किया है । झारखंड बोर्ड की परीक्षा में वह 90 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉपर हुआ था । इनकी इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षक युवा समाजसेवी शत्रुघन सिंह इत्यादि पर शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है ।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत 28 मई 2023 से 31 मई 2023 तक रामगढ़ जिले में मनाए जा रहे मिशन लाइफ कैंपेन के तहत सोमवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़ डॉ असीम कुमार, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्क में आए लोगों ने नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। मौके पर नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों की जानकारी सभी को दी। उन्होंने कहा कि बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है वर्तमान समय में जिस प्रकार से क्षेत्रों का तीव्र गति से औद्योगिकरण हो रहा है ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि हम सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों के साथ-साथ अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने सभी से नमामि गंगे योजना के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान सभी को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों एवं गंगा और उसकी सहायक नदियां सहित अन्य नदियों व जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में आम जनों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सभी को जागरूक किया गया।

# विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

बरही । रानीचुआ पंचायत के जीतपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र और कोल्हुआकला के ग्राम बेला में विद्यालय भवन का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला ने किया. जानकारी के अनुसार उपस्वास्थ्य केंद्र को 15वें वित से बनाया जाना है, जिसकी प्राक्कलित राशि 55 लाख रुपए है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पंचायत में हर सुविधा बहाल हो, गांव वासियों को सरकारी योजनाओं का हर संभव लाभ मिले, इसके लिए वह सदैव प्रयासरत रहते है । उन्होंने कहा कि इसके लिए आप सभी जनता जागरूक हो। भ्रष्टाचारियों पर ध्यान रखे और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाए । शिलान्यास कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, मुखिया मूर्ति देवी, उप मुखिया किरण कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मन्नान वारसी, संवेदक दीनानाथ यादव, रामचंद्र टुड्डू, जगदीश यादव, मनोज मंडल, राजेंद्र सिंह, जगदेव यादव, रवि कुमार, सदीक अंसारी, राजदेव यादव, चरखू सिंह आदि सहित कई लोग मौजूद थे ।

# मुखिया संघ की बैठक



**बरही ।** रविवार को संपन्न हुए मुखिया संघ के बैठक में उपस्थित मुखिया और मुखिया पति शामिल हुए । बैठक में सर्वसम्मति से नव पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को सम्मानित करने का निर्णय लेते हुए पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया लिया गया । साथ ही वर्तमान सीओ के कार्य प्रणाली से नाराजगी जताते हुए निंदा प्रस्ताव लाया गया । बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, गोविंद साहू, मंगलदेव यादव, नारायण यादव सहित मुखिया पति विशेश्वर यादव, राजन ओम, अर्जुन राम, खिरोधर यादव, छोटन ठाकुर, मुकेश राम आदि मौजूद थे ।

## भाजपा का महाजनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** दिव्य कल्याण आश्रम में भाजपा का महाजनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर बरकट्ठा विस स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में कोडरमा सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव मौजूद थे। बैठक के क्रम में अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा का एक माह में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बरकट्ठा विस में प्रत्येक मंडल में सरकार के लाभार्थियों के साथ सम्मेलन कर उन्हें सरकारी लाभ की याद दिलाई जाएगी। जो लाभ से वंचित हैं, उन्हें जोड़ा जाएगा। लाभार्थियों में उज्ज्वला गैस, खाद्यान, पीएम आवास, आयुष्मान समेत आदि योजनाओं के लाभार्थियों से सम्मेलन के माध्यम से जनसंपर्क किया जाएगा। कहा कि 2024 में फिर से केंद्र में मोदी जी की सरकार बनाना है। महाजनसंपर्क अभियान बैठक में निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने भाजपा के साथ मिलकर निर्णय लिया है कि 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बने। इसके लिए भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होकर सफल करना है। बैठक का संचालन टुकलाल नायक ने की। कार्यक्रम में जिप सदस्य और भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, केदार साव, सुशील पांडेय, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, राजकुमार मंडल, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर समेत बरकट्ठा, चलकुशा, जयनगर, चंदवारा, इचाक, टाटीझरिया, दारू प्रखंड के कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

**मांगें पूरी हो**

### हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो रहे है सहायक अध्यापक

# 17 जून को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** पूर्ण वेतनमान, अनुकंपा के लाभ और ईपीएफ की कटौती आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर राज्य के सहायक अध्यापक एक बार फिर गोलबंद होने लगे है. अपनी मांगों के समर्थन में रविवार देर संध्या एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में प्रखंड सहायक अध्यापक संघ की बैठक संपन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव मनोज घोष और संचालन दीपक कुमार यादव ने किया. उपस्थित शिक्षको को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने हेमंत सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सरकार गठन के तुरंत बाद मांगो को पूरा करने वाली सरकार साढ़े तीन वर्ष बाद भी पूर्ण नही किया है, सिर्फ ठगा है. प्रखंड सचिव ने भी सरकार पर वायदाखिलाफी का आरोप लगाते हुए वेतनमान, सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी, ईपीएफ की कटौती अति शीघ्र लागू करने की बात कही । 6 देने की बात कही. यदि सरकार मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करती है तो राज्य के सहायक अध्यापक आगामी 17 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे. बैठक के अंत में निश्चितपुर के शिक्षिका मुन्ना कुमारी के पति की असामयिक निधन पर मृतात्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन श्रद्धांजली दिया. बैठक में सुरेंद्र यादव, रंजीत कुमार सिंह, नसीम बानो, राजेश प्रसाद यादव, संतोष कुमार यादव, महेश प्रसाद यादव, दिनेश कुमार यादव, नंदलाल राणा, मो अफरोज आलम, अशोक कुमार, मो सुलेमान, मो रिजवान, मो सिराजुद्दीन, अफताब, अहमद, महेश्वर प्रसाद यादव, बहादुर राणा, महेंद्र रविदास, चंद्रकांत अकेला, ब्रह्मदेव पासवान, बिरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सिंह, मनोज ठाकुर, नवरत्न कुमार, ललिता कुमारी, रिंकू कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनम कुमारी, रेणु गुप्ता, नसीमा प्रवीण आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।



# विभिन्न विद्यालयों में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में प्रथम 10 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार सिमडेगा जिला के विभिन्न विद्यालयों में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 के प्रथम 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने कहा हम सभी को टीम भाव से कार्य करना है ताकि आने वाले समय में सिमडेगा जिला शिक्षा विभाग में पूरे झारखंड में नाम रोशन करेगी।जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी को शुभकामना देकर कहा गया बेहतर परिणाम के लिए शिक्षकों को, छात्रों को और अभिभावकों को सामंजस्य बनाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा यह सफलता की पहली सीढ़ी है इसके आगे भी छात्रों को पहुंचना है और इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। अंत में प्रथम 10 छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। प्रथम 3 छात्रों का नाम क्रमशः मोहम्मद साद केसर , अनिल सिंह, विजय सिंह। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्राहम क्रिकेट्टा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।एसएस बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा में भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी के साथ विद्यालय प्रबंधन समिति के सेवानिवृत्त शिक्षक साधु मलवा एवं सोहन बड़ाईक एवं प्रधानाध्यापिका किशोरी क्रिकेटा तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सलगापोंस बाजारटांड में माता मरियम का गोरेटो हुआ स्थापित

**सिमडेगा/बोलबा।** प्रखंड के सलगापोस बाजारटांड के पास सोमवार को माता मरियम के गोरोटो विधि विधान के साथ स्थापना की गई ।इस मौके पर विशेष मिस्सापूजा का आयोजन फा भूषण बाड़ा व फा विपीन डुंगडुंग के द्वारा धर्म विधि के साथ संपन्न की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे एवं युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का शामिल हुए। जहां पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत के साथ माला पहनाकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा आज बहुत पवित्र दिन है कि आज माता मरिया के गोरोंटो का हम विधि विधान के साथ यहां स्थापना कर रहे हैं इससे इस क्षेत्र में सभी प्रकार के समस्याओं का नाश होगा। मां मरिया के स्तुति करने से कलीसिया समुदाय में सभी दुखों का नाश होगा।गांव में गोरेटो का निर्माण होने से ईश्वर का आशीष गांव में जरूर बरसेगा।

# आने वाला भविष्य बच्चों का है, उन्हें दें अच्छी शिक्षा : विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बाघडेगा के संत मरिया काथलिक चर्च मीचुटोली में नए गिरजाघर के आशीष समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित फादर बोनिफस डुंगडुंग ने आशीष जल का छिड़काव किया। तत्पश्चात फादर बोनिफास और विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर नवनिर्मित चर्च का उद्घाटन किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि चर्च परिसर प्रार्थना करने के लिए बनाया जाता है। आज ईश्वर की योजना अनुसार मीचुटोली में नए चर्च भवन का आशीष हो रहा है। उन्होंने सभी लोगों को ईश्वर के वचनों को अपने जीवन मे अमल करने की अपील की। साथ ही कहा कि जिले के हर एक व्यक्ति मेरे अपने हैं। मेरा हर सम्भव प्रयास है कि मेरे अपने लोगों को कुछ भी



समस्या से जूझना ना पड़े। इस दिशा में वे निरन्तर प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य बच्चों का है। हमें अपने बच्चो को बेहतर बनाना है। तभी हमारा देश हमारा जिला आगे बेहतर बनेगा। मौके पर फादर रंजीत बरवा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, उप प्रमुख सिलबेश्टर बघवार, पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा, मुखिया राहुल तिग्गा, पूर्व वार्ड पार्षद अगाथा तिर्की, प्रचारक दिलीप मिंज आदि उपस्थित थे।वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने लोगों को प्रतिदिन प्रार्थना करने में समय निकालने की अपील की। कहा कि ईश्वर की महिमा अपरंपार है। ईश्वर ने अपनी योजना से यहां चर्च का निर्माण कराया। चर्च के निर्माण से सिमडेगा की कलीसिया और अधिक मजबूत होगी। ईश्वर का आशीर्वाद यहां के लोगों को निरंतर मिलता रहेगा।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के मौके पर सोमवार को हंस मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम द्वारा ग्रामीणों के बीच में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया बताया गया कि 28 मई को दुनिया भर में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है इस दिन महावरी या मासिक धर्म के प्रति स्वच्छ बनाए रखने से संबंधित भ्रांतियां मिटाने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक किया जाता है इधर हंस मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा गोठइनटाँगर, पालेमुंडा, ओड़गा, कोम्बाकेरा, सहित विभिन्न जगहों पर विशेष कैंप का आयोजन करते हुए युवती एवं महिलाओं को जागरूक किया ।जहां पर बताया गया कि गांव ही नहीं बल्कि शहरों में भी रहने वाले बहुत सी महिलाएं आज की इस हाईटेक दौर में मासिक धर्म से जुड़ी कई चीजों से अनजान है जिसकी वजह से उनके द्वारा बरती गई थोड़ी सी भी लापरवाही महिलाओं को सवाई कल कैंसर और योनि संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों की शिकार बना देती है। जिसके बाद महिलाएं काफी परेशान रहती है इसलिए समय रहते हमें इन सब चीजों के बारे में जानकारी रखने की आवश्यकता है ताकि ऐसी जटिल बीमारियों से निजात पा सके। सीनियर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर स्वामी विवेकानंद ने बताया कि हमारा प्रयास है कि छोटी-छोटी जागरूकता की वजह से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां पर जागरूकता के अभाव में लोग लापरवाही बरतते हैं ऐसे जगहों के लोग जागरूक हो। मासिक धर्म को आज भी भारतीय समाज में भेदभाव माना जाता है। माताएं अपनी बेटियों के साथ इस विषय पर बात करने से हिचकती हैं और उनमें से कई में युवावस्था और मासिक धर्म पर वैज्ञानिक ज्ञान की कमी होती है। इस वर्जना के भारतीय समाज में अभी भी प्रासंगिक होने के मुख्य कारण निरक्षरता की उच्च दर विशेष रूप से लड़कियों में, गरीबी और मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता की कमी है। इसमें समाज को जागरूक कर रहे हैं ताकि इन सब चीजों के बारे में जानकारी हो सके।

# बिजली समस्या को लेकर झारखंड पार्टी की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम महतो टोली में सोमवार को बिजली की समस्या को लेकर झारखंड पार्टी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे,झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जहां पर ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की आंख मिचौली की वजह से हम काफी परेशान हैं। गांव में लंबे समय से बिजली बिल नहीं आया है और कई लोगों का अनावश्यक बिजली बिल आने की वजह से काफी दिक्कत हो रही है ।इसके अलावा एक ही परिवार में 2 लोगों के नाम से बिजली बिल आ रही है सहित कई प्रकार के समस्याओं को बारी-बारी से ग्रामीणों ने रखा। मौके पर लोगों को संबोधित करते सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान सरकार ने 100 यूनिट बिजली फ्री देने की बात कही थी लेकिन फ्री देने की बजाय और लोगों को परेशान करने का काम कर रही है आज लोगों को अनावश्यक बिजली बिल भेज कर परेशानी बढ़ाई है इसके अलावा निर्बाध बिजली देने के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। जो राम प्रखंड के कई ऐसे गांव है जहां पर अभी भी बिजली नहीं पहुंची है ।कई ऐसे लोग हैं जो कि बिजली नहीं जला रहे हैं फिर भी उन्हें भी भेजा जा रहा है ।यह सब बिजली विभाग और सरकार की लापरवाही की वजह से हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि बिजली की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जा सके मौके पर बाल किशोर प्रधान, शिव चरण महतो ,कूलन महतो ,शुक्र चंद्र महतो ,राजेश महतो, राम नारायण महतो, सुबोध डुंगडुंग, केरोलिना सोरेंग,होड़ा महतो सहित काफी संख्या में गांव के महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## कोडरमा में समस्याओं से डीसी हुए रूबरू, दिये कार्रवाई करने का निर्देश



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्य से अवगत हुए। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में जमीन पर गलत तरीके से एग्रीमेंट में चौहदी लिखवाकर जमीन को लुटने का प्रयास, जमीन नापी कर नक्शा, मेरे पैतृक जमीन को हथियाकर मकान निर्माण करने के संबंध समेत कई मामलों में आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त महोदय ने उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## वन अधिकार दावा प्रक्रिया पर विचार गोष्ठी

बानो- डाक बंगला बानो में सोमवार को वन अधिकार दावा प्रकिया पर विचार गोष्टि का आयोजन किया गया। आदिवासी एकता मंच बानो के द्वारा समुदायक दावा प्रकिया पर विचार गोष्टि में जंगल बचाव अभियान के सुधीर कंडुलना,ने विस्तृत रूप से वन अधिकार कानून का समझ, सहभागियों को दिए। साथ ही फिया फोनदेशन के राज्य समन्वयक ललित जी,निर्दोष सुरीन समुदायक दावा प्रपत्र की दस्तावेजीकरण करने की जानकारी दिए।एसबीएसएसके कार्यकर्ता अनूप मिंज ने खतियान ,और विलेज नोट जो समुदायक दावा के लिये विटनेस या। प्रमाण है जिसका जानकारी दिए। कायर्क्रम में बिलकन बगरैल, बोवास टोपनो,नियर्जन जोजोवर, हीरामनि टोपनो,निर्दोष सुरीन,कोमल टोपनो आदि लोग उपस्थित थे।

115

## युवक की पिटाई, अस्पताल में भर्ती

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकबाहर के पास सोमवार की सुबह शादी समारोह से लौट रहे एक युवक को अज्ञात लोगों ने जमकर पिटाई कर दी ।जिसके बाद गंभीर अवस्था में उसे परिवार वालों ने सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के लिए भर्ती कराया है बताया जा रहा है कि घायल की पहचान शशि केरकेट्टा के रूप में हुई जो रात में अपने दोस्त अमन नामक युवक के घर शादी नाचने गया हुआ था और वह वहां से लौट रहा था ।इसी दौरान अचानक वहां पर कुछ लोग आ पहुंचे और इसकी जमकर पिटाई शुरू कर दी ।इधर मार कर उसे गंभीर रूप से घायल करते हुए फरार हो गए बाद में परिवार वालों को स्थानीय लोगों ने जानकारी दी जिसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया है इधर मामले की जानकारी सिमडेगा थाना को भी दी गई है वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर घायल से हालचाल जाना तथा आगे कार्रवाई में जुट गई है। वहीं पुलिस ने बताया कि मारपीट के मामले की छानबीन की जा रही है।

## 31 को मुख्यमंत्री आवास घेराव पर चर्चा

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला सहायक अध्यापक संघ की बैठक आगामी 31 मई को अल्वर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में होगी। सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ पूरे सूबे के सहायक अध्यापकों ने मोर्चा खोल दिया है ।जिस वादे के साथ वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार सत्ता में काबिज हुई थी,उस वादे को वह भूल चुकी है और जिस कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है, भविष्य में उसके सेहत पर असर डाल सकती है ।सहायक अध्यापकों का चिरप्रतीक्षित मांग वेतनमान अब भी सहायक अध्यापकों के पहुंच से दूर है। सहायक अध्यापकों ने अब इस कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार को जगाने का संकल्प लिया है ।इसी निमित्त आगामी 31 मई को पूरे सिमडेगा जिला के सहायक अध्यापक अल्वर्ट एक्का स्टेडियम में जुटेंगे और आगामी 17 जून के मुख्यमंत्री आवास घेराव हेतु अपने तैयारियों को अंतिम रूप देंगे एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव शत-प्रतिशत सफल हो इसके लिए रोड मैप तैयार किया जाएगा।

# संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति को निमंत्रण नहीं देना लोकतंत्र का अपमान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा परिसदन में झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा निर्मित नए संसद भवन के उद्घाटन में देश के राष्ट्रपति के हाथों नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम कहते-कहते सिर्फ मन की सुनते हैं और देश के संविधानिक नीति और मूल्यों को पूरी तरह से तहस नहस करने का काम कर रहे हैं। संसद की सबसे सर्वोच्च राष्ट्रपति होती है लेकिन प्रधानमंत्री अपनी महिमामंडन करने के लिए उन्हें नहीं बुलाकर उनका अपमान किया है इसीलिए 19 विपक्षी दलों के द्वारा बहिष्कार किया गया तेलंगाना चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनीति से प्रेरित होकर वहां के राजदंड के स्वरूप सेंगोल की स्थापना की गई है इसका एकमात्र उद्देश्य की चुनाव में अपनी वाहवाही लूटना है। जबकि वहां पर सबसे पवित्र धार्मिक ग्रंथ संविधान का वहां पर स्थापना करनी थी जो कि ना करके इसे साफ पता चलता है कि मोदी जी सिर्फ अपनी वाहवाही के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता उन्हें नकारे कि जिस प्रकार कर्नाटक के चुनाव में मुंहतोड़ जवाब दी गई है आने वाले चुनाव में भी उन्हें लोग बताएंगे कि किस प्रकार से आदिवासियों का अपमान किया है।

# स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा निखार रहा है जेठ जतरा कार्यक्रम: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। सदर प्रखंड के सन सेवई गांव में जेठ जतरा समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जेठ जातरा कार्यक्रम स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को निखारने के लिए वर्षो से मंच प्रदान कर रहा है। वर्षो से चली आ रही जेठ जातरा माता मरियम की यादगारी में मनाया जाने वाला सांस्?कृतिक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि जेठ जतरा समारोह में आज भी सिर्फ स्थानीय कलाकारों को ही मौका दिया जाता है। बाहर के कोई भी कलाकारों को नहीं बुलाया जाता है। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा को लोगों के



समक्ष प्रस्तुत करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेठ जतरा महोत्सव आदिवासी समाज की संस्कृति को भी जीवित रखने का काम कर रहा है। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, वरीय उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,युवा प्रखंड अध्यक्ष गुलशन एक्का, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,पंचायत अध्यक्ष संदीप लकड़ा,सुशील खाखा, बिरंजन बड़ा,जयवंत बरला, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो,संदीप तिग्गा आदि शामिल थे।

**लोगों में खुशी**

## पूर्व मंत्री और सांसद प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

# बीरू में टाटा मोटर्स का खुला सर्विस सेंटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत बीरू में नवनिर्मित टाटा मोटर्स की व्यवसायिक वाहनों का सर्विस सेंटर का विधिवत सोमवार को उद्घाटन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रही वतर्मान एचसीपीएल निदेशक विमला प्रधान, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ,बीरु गढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स के स्टेट सेल्स मैनेजर पार्थ गुहा नियोगी, गोल्डी बेदी एरिया पाट्र्स मैनेजर, सुब्रता मुदले प्रवीण साहू कस्टमर सपोर्ट मैनेजर के द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। पूर्व मंत्री ने संचालक चंद्र सिंह देव को शुभकामना देते हुए जनमानस को बेहतर सुविधा देने की बात कही वही इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि व्यवसायिक वाहनों की सर्विस सेंटर को जाने से आसपास के लोगों को काफी सहूलियत होगी तथा लोगों को दिक्कत नहीं होगी वही संचालक ने बताया कि जिले के वीरू में व्यवसायिक वाहनों की सर्विस स्टेशन खोलने से यहां पर वाहन मालिकों को काफी सहूलियत होगी क्योंकि इसके लिए उन्हें राउरकेला और रांची जाना होता था अब उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी साथ ही नेशनल हाईवे 143 में चलने वाले टाटा एवं अन्य वाहनों को भी दुर्घटनाग्रस्त होने पर त्वरित सेवा प्राप्त होगी ।आए दिन कोलेबिरा घाटियों में दुर्घटना होने की वजह से लोगों को काफी



परेशानियों का सामना करना पड़ता था एवं मार्ग में सफर करने वाले अन्य वाहनों को भी घंटों तक जाम की स्थिति से गुजरना पड़ता था। अब यहां पर शोरूम खुल जाने से काफी राहत होगी टाटा कंपनी अपने आप विश्वास नहीं आता और गुणवत्ता की मिसाल है इसकी मजबूती और सर्विस का कोई जोड़ नहीं यहां पर सर्विस सेंटर खोलने से क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार का सृजन होगा।

## कोलेबिरा विधायक ने हज यात्रियों के जत्था को शुभकामनाएं देकर किया रवाना



**सिमडेगा।** कोलेबिराविधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सिमडेगा से पहला हज यात्रियों के जत्थे को रवाना किए उन्हें रवाना करने से पहले अपनी ओर से तोहफा देकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए विदाई दी। विधायक ने कहा कि आज आप वैसे स्थान पर जा रहे हैं जहां हर व्यक्ति की तमन्ना होती है पर वहां वहीं लोग जा पाते हैं जिनको ईश्वर की ओर से बुलावा आता है ।आपलोग ईश्वर के चहेते शिष्य हैं जिनको उस पवित्र स्थली का बुलावा आया है ।आप ईश्वर का धन्यवाद करें और आप उस पवित्र स्थान पर जा कर मेरे और हमारे देश वासियों सहित देश के लिए भी प्रार्थना करेंगे कि हमें ईश्वर सभी बला मुसीबत और परेशानियों से बचाए रखे एवं इस देश में लोकतंत्र कायम रहे,देश में आपसी सौहार्द भाईचारा प्रेम बना रहे।


# पलामू में आज तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के कई जिलों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दो दिन के लिए का यलो अलर्ट जारी किया है। झारखंड के उत्तर-पूर्व के जिलों, दक्षिणी भाग के पूर्वी अलावा मध्य भाग में मेघगर्जन, वज्रपात के साथ सतही हवा चलेगी।जिसमे हवा की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। वहीं, कई जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है।कल 31के बाद अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।



### किन जिलों में होगी तेज हवा के साथ बारिश



मौसम विभाग ने पलामू, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़ और राजधानी के कुछ हिस्सों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही राज्य के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं चलने की संभावना है। जो प्रति घंटा 30-40 किमी की रफ्तार से चलेंगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गर्दा निवासी एजाजुल अंसारी पिता जमालुद्दीन अंसारी उम्र 25 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एजाजुल अंसारी लातेहार अपने चाचा के घर गया था।उधर से लौटने के दौरान वह सुबियाखड़ के पास बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर घायल की इलाज अपने देखरेख में करवा रहे हैं।

### सगी बहनों ने अपने भाई को ईट पत्थर से मारकर किया घायल



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ीवीर में मोटरसाइकिल विवाद को लेकर सगी बहन ने अपने भाई को ईट पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल युवक सुजीत कुमार भुइया उम्र 28 वर्ष ने बताया कि सोमवार की सुबह वह अपने चाचा हरिओम भुइयां का मोटरसाइकिल लेकर किसी काम से गया था। काम खत्म होने के बाद जब वह अपने घर लौटा तो मोटरसाइकिल देर से लेकर आने पर चाचा हरिओम से उसका बहस होने लगा। इसी बीच हरिओम की बहन अनिता कुमारी और मनीता कुमारी उसे पत्थर से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दीं। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया गया है जहां इलाज के बाद भी युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घायल युवक से घटना के बारे में पूछताछ की है। घटना के बाद से पुलिस मारपीट से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### महिला पहलवानों पर लाठीचार्ज निंदनीयः शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** जेकेएम के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर मोदी सरकार की कड़ी निंदा की है।उन्होंने कहा कि नये संसद भवन में उद्घाटन के नाम पर राजतंत्र की नींव रखने के अवसर पर देश के लिए ओलम्पिक पदक जीतनेवाली महिला पहलवानों पर बर्बर लाठीचार्ज एक कलंक है। उन्होंने कहा कि निर्लज्जता की हद तक गिरी हुई निकृष्ट मोदी सरकार देश के लिए कलंक बन गई है। जो ना केवल महिलाओं,दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्गो के संवैधानिक अधिकारों की विरोधी है,बल्कि यह सरकार वर्तमान संविधान व लोकतंत्र के लिए अभिशाप है।

## पूर्व मुखिया ने न्यायपालिका से लगाई न्याय की गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में विधायक की बात दूर एक मुखिया बन जाने के बाद जनता के प्रतिनिधि का पांव जमीन पर नहीं टिकता। पलामू जिला के कई मुखिया ऐसे मिल जाएंगे जिनका चार पहिया वाहन है और वाहन में लिखा है मुखिया, पंचायत और प्रखंड का नाम। पलामू जिला के उटारी रोड प्रखंड के एक ऐसे मुखिया है, जो आज मनरेगा में मजदूरी करते है। नाम है उनका उपेंद्र कुमार कुशवाहा। श्री कुशवाहा 2011 से 2015 तक ऊंटरी रोड प्रखंड के करकट्टा पंचायत के मुखिया रहे हैं। उनका कहना है कि मेरे पास घर नहीं है। झोपड़ी में रहते हैं। अपनी आजीविका के लिए मुर्गी पालन करता हैं। लेकिन बिजली विभाग के द्वारा फर्जी केस किए जाने के कारण परेशान हैं। विभाग के जेई का कहना है बिजली का चोरी करते हैं और हाफ एचपी का मोटर चलाते हैं। मेरे पास ना ही मोटर है और ना ही किसी भी प्रकार का बोरिंग। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली विभाग द्वारा बकाया राशि भुगतान कराने के अभियान के दौरान जेई गांव में पहुंचे थे। मुझे यह भी जानकारी नहीं है की किस मान्सा से मेरे ऊपर बिजली चोरी का आरोप लगाया गया। न्यायपालिका से उन्होंने गंभीरतापूर्वक मामले की जांच कर न्याय के लिए गुहार लगायी है।

# अनुकंपा समिति की बैठक में 31 मामलों की समीक्षा

## 18 आवेदकों को नौकरी का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त अंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 31 मामलों का समीक्षा की गयी। जिनमें 18 आवेदकों के अनुशंसा प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए उन्हें नौकरी देने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे व अनुकंपा समिति के सदस्यों ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की



जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की,जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन का धरना प्रदर्शन 6 जून को

**मेदिनीनगर।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन झारखण्ड के आहवान पर 6 जून को अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर भारखण्ड सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु सोमवार को पलामूँ जिला के सभी प्रखण्डों एवं नगर निगम से आए हुए विक्रेताओं ने गौरी शंकर मैरेज हॉल रांची रोड रेड़मा में बैठक की। बैठक में एक स्वर से अपनी मांगों के समर्थन में जिले के सभी 1563 जन वितरण विक्रेता एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन में भाग लेकर उसे सफल बनाने का संकल्प लिये। उक्त बैठक में प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र पाण्डेय प्रदेश महासचिव- पारसनाथ सिंह, प्रदेश संगठन सचिव- मुगल किशोर तिवारी एवं बरिष्ठ विक्रेता- शारदा प्रसाद ने भाग लिया।

## जलावन लेने जंगल गई महिला वज्रपात की चपेट में आई, मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

सोमवार की संध्या चार बजे बारिश के साथ हुई वज्रपात में बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम अंतर्गत सियानी ताड़ में एक महिला की मौत हो गई। उक्त महिला इचाक ग्राम निवासी बिगन गंजू की पत्नी सोहरी देवी है, जो अपने घर में खाना बनाने को लेकर सियानी ताड़ जंगल जलावन लकड़ी लाने गई थी। इसी दौरान हुई बारिश से बचने के लिए उक्त महिला एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई।

इसी बीच जोरदार वज्रपात होने से महिला चपेट में आ गई और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो



गई। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड झामुमो अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव घटनास्थल पर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिजन को हर सरकारी सुविधा दिलाने का भरोसा दिलाया। इधर इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### चतरा में मछली मारने के दौरान वृद्ध की तलाब में डूबने से मौत

**कुंदा(चतरा)।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैन पोखरा तलाब में मक्षली मारने के क्रम में गहरे पानी में डुबने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव निवासी 65 वर्षीय बुधाय भुइयां पिता स्वर्गीय टिवा भुइयां है। घटना की सूचना मिलते ही शव को कब्जे में कर पुलिस अंत्यपरीक्षण के लिये सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने बताया कि मछली मारने के क्रम में तलाब में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई है। उपरोक्त मामले में यूडी का मामला दर्ज पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## उपलब्धि : तुबेद कोलियरी की पहली खेप चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

डीवीसी तुबेद कोल माइंस से चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट में कोयला भेजने का काम शुरू हो गया है। तुबेद कोलियरी से उत्पादित कोयले की पहली रेलवे रैक कुसमही रेलवे साइडिंग से चंद्रपुरा के लिए डीवीसी के ईडी (माइनिंग) जेके मंडिया के नेतृत्व में लोड कर रवाना की गई। मंडिया ने कहा कि यह लातेहार वासियों की उपलब्धि है। वर्षों से चिर-प्रतीक्षित इस कोल माइंस के कोयले की उपयोग की शुरुआत डीवीसी की चंद्रपुरा स्थित थर्मल पावर प्लांट से की गयी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तुबेद कोल माइंस प्रोडक्शन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बरसात को देखते हुए उत्खनन एवं परिवहन कार्य को तेज कर दिया गया है। डीवीसी के मानव संसाधन उप निदेशक रवि प्रकाश तिवारी ने कहा कि मंडिया के कार्यकाल में यह पहली रेलवे रैक लोडिंग है। लोडिंग में डीवीसी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।




## थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण पाना पहली प्राथमिकता होगी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने कहा कि एसपी के कुशल नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण पाना उनकी पहली प्राथमिकता है। सदर थाना में योगदान देने के बाद आशुतोष कुमार प्रेस से पहली मुखातिब हो रहे थे। उन्होंने थाने में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने की भी बात कही। कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अशिक्षा के कारण लोग अंधविश्वास एवं झाड़-फंकू के चक्कर में पड़ जाते हैं। इसे दूर करना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को डायन-बिसाही एवं ओझा गुणी के चक्कर में नहीं फंसने की अपील की। उन्होंने चंदवा में हाल में ही डायन-बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपती की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि किसी को डायन या ओझा गुणी कह कर प्रताड़ित करना कानूनी अपराध है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि बीमारी होने पर ग्रामीण नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं। उन्होंने कहा कि थाने में अधिकतर मामले जमीन विवाद के आते हैं। जमीन विवाद के कारण अक्सर खूनी संघर्ष की संभावनाएं रहती हैं। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त लगाने एवं पुलिस बल की तैनाती की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सांप्रदायिक सोहार्द बनाना आवश्यक है।

### चंदवा में मंत्री जोबा आज करेंगी सेल्टर होम का उद्घाटन

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के भुषाढ़ गांव स्थित कृषि विकास केंद्र में सेल्टर होम का उद्घाटन मंगलवार को सुबह 10 बजे राज्य की महिला एंव बाल विकास मंत्री जोबा मांझी द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी के साथ पूर्व शिक्षा मंत्री सह कॉग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, लातेहार डीप्टी कलेक्टर सुजीत सिंह, मतीयस विजय टोप्पो सिक्रेटरी पलामू कमीश्नर, डोनाल्ड फर्नांडिस स्ट्रीट फोरभीडेंस गोवा, धर्म परांत डाल्टनगंज के बीसप थियोडोर मसकरेन हस, रांची आर्च बीसप फिलिक्स टोप्पो शामिल होंगे।

## जलसहियाओं ने निजी मांग को लेकर प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेंदिनीनगर।** अपने निजी मांगों को लेकर जलसहियाओ ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व सचिव प्रीति गुप्ता की अध्यक्षता में क्यिा गया।जिसमें अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर के मांग पत्र को सौंपा गया जिसमें निम्न बिंदुओं पर रोशनी डाली गई।1.पूर्व सरकार के द्वारा दिए जा रहे 1000 मासिक मानदेय व बकाया के साथ वापस किया जाए।2. निर्वाचन से पूर्व घोषित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक मानदेय भुगतान का वादा पूर्ण किया जाए।3. कार्यकाल में मृत्यु होने पर अनुकंपा का लाभ एवं 20 लाख का बीमा भुगतान किया जाए।4. विभाग के रिक्त पदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार नियुक्ति में प्राथमिकता दिया जाए एवं 65 वर्ष तक सेवा की गारंटी दी जाए। 5. ठेकेदार को कार्य ना दे करके जलसहियाओं को स्वच्छता से संबंधित कार्य दिया जाए।इत्यादि मांगों को लेकर के झारखंड राज्य की जनसंख्या आवाहन पर पलामू जिला के सभी प्रखंड के जलसहिया अपनी मांगों को रखते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला सचिव प्रीति गुप्ता. चंदा पांडे उपाध्यक्ष, संयुक्त संयुक्त सचिव उषा देवी, प्रेमवती देवी शारदा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### चमातु माइंस के समीप कांटा का उद्घाटन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस के चमातु फेज 3 के समीप तीलैयाटांड़ ग्राम पर सीसीएल के 10 नंबर कांटा का उद्घाटन मगध पीओ नितेंद्र नाथ ने किया। मौके पर वीपीआर खनन कंपनी के मैनेजर श्रीनिवास रेड्डी, सीसीएल के दयाशंकर ओझा, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, भू-रैयत सुनील साव, दुर्गा उरांव, मनोहर साव, जितेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, सुधीर साव, देवीचरण प्रसाद, सुरेश प्रसाद, सतेंदर उरांव, चंद्रिका साव, रामदुलार साव, विनोद साव, केदार साव, निरंजन प्रसाद, राजेश उरांव आदि उपस्थित रहे।

### संत मरियम के बच्चों ने स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन किया

**मेदिनीनगर।** एनर्जी पार्क, पटेल नगर, पटना, बिहार में 7वें रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप बिहार में स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड के सैकड़ों स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । कड़े मुकाबलो में पलामू के स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो और बिट्टू कुमार गोल्ड मेडल, और नीरज कोरवा और युवराज सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया । साथ ही राधा कृष्ण साव को सर्टिफिकेट मिला।विदित हो की इस चैंपियनशिप में पलामू के 11 ने स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। स्केट्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा प्रमाण-पत्र देकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया, साथ ही स्केटिंग कोच चन्दन कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।अपने छात्रों के शानदार सफलता से अभिभूत होकर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की स्केटिंग जैसे खेलों में पलामू का आगे बढ़ना यहां के छात्रों के हित में है।

## आस्था | कोयल नदी सूखी है, कैसे होगा गंगा स्नान

# आज मनाया जायेगा गंगा दशहरा पर्व



### गंगा दशहरा के शुभ योग

गंगा दशहरा पर रवि और सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। साथ ही शुक्र ग्रह कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। शुक्र के गोचर से इस दिन धन योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन रवि योग पूरे दिन ही रहेगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाएगा।गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। सनातन धर्म में गंगा को सिर्फ नदी नहीं बल्कि मां का दर्जा प्राप्त है।गंगा को अति पवित्र माना जाता है जिस कारण गंगा दशहरा के पर्व का खास महत्व होता है। गंगा दशहरा को गंगावतरण के नाम से भी जाना जाता है। जिसका मतलब है गंगा का अवतरण। गंगा दशहरा के दिन स्नान और दान का काफी महत्व होता है। इस दिन गंगा नदी में स्नान करना काफी शुभ माना जाता है। लेकिन शहर की कोयल नदी पूरी तरह सूख गई है। ऐसे में आज गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा कैसे गंगा स्नान किया जाएगा। वहीं, पिछली बार कई हिन्दू संगठनों ने गंगा आरती के कार्यक्रम का भी आयोजित किया था। इस बार कोयल नदी में गंगा आरती कैसे होगी, इसपर भी संशय बरकरार है।

**गंगा दशहरा का शुभ मुहूर्त :** गंगा दशहरा की शुभ मुहूर्त को लेकर पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि 29मई की सुबह 11 बजकर 49 मिनट से शुरू होकर आज दोपहर 01 बजकर 07 मिनट तक रहेगी।

### गंगा दशहरा का महत्व



गंगा दशहरा के पर्व को सनातन धर्म में धरती पर मां गंगा के आगमन की तिथि के तौर पर मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आई थी।मान्यता है कि गंगा दशहरा के पर्व से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं।

## ग्रामीणों ने मुख्य वन संरक्षक को सौंपा ज्ञापन

# वन भूमि पर कब्जे की जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के टुढ़ामु वन क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी संबंध में सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है कि चंदवा वन विभाग के कर्मियों के साथ मिलकर भूमाफिया वन विभाग के पुराने सर्वे पिलर को हटाकर वन विभाग की जमीन बेच रहे हैं। इसकी जानकारी चंदवा वन विभाग के अधिकारियों को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने वन संरक्षक से इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई करते हुए वन भूमि को बचाने की मांग की है।

**पहले भी ग्रामीण जता चुके हैं विरोध :** टूढ़ामु के ग्रामीणों ने पहले



भी उक्त विवादित स्थल पर अवैध कब्जा किये जाने का विरोध जता चुके हैं। वहां हो रहे अवैध निर्माण पर ग्रामीण रोक लगाने की मांग पहले भी कर चुके हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन के साथ वन प्रमंडल पदाधिकारी व वन क्षेत्र पदाधिकारी को सौंपे गए आवेदन की छायाप्रति, सन 1913-14 ई का भु नक्शा, अवैध निर्माण का फोटोग्राफ शामिल हैं। ज्ञापन में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष धवल कुजूर, सचिव प्रदीप उरांव, कोषाध्यक्ष सुषमा तिर्की, टूढ़ामु गांव के ग्राम प्रधान रतिलाल उरांव, समाजसेवी सुमम सुनील सोरेंग,भीम राम, रामचंद्र लोहरा, सुनीता देवी, किरण देवी, शंकर राम समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर शामिल है।

# लोकतंत्र में 'राजदंड' ?

***प्रधानमंत्री*** नरेंद्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह सिर्फ भवन नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। हालांकि अधिकतर विपक्षी दल इस समारोह में शामिल नहीं हुए। तमिलनाडु के अधीनम (पुजारियों) ने प्रधानमंत्री को चोल वंश के साम्राज्य के दौरान सत्ता-हस्तांतरण का प्रतीक सेंगोल यानी राजदंड सौंपा। सवाल उठता है कि स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत में किसकी सत्ता का हस्तांतरण हुआ है? यदि 'सेंगोल' को ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत के तौर पर तमिल पुजारियों ने प्रधानमंत्री को सौंपा है, तो उस 'राजदंड' को लोकसभा स्पीकर के आसन की बगल में स्थापित क्यों किया गया है? क्या लोकसभा का सदन 'राजदंड' के जरिए ही संचालित किया जाएगा? लोकतंत्र में हमारे पास संविधान है, जिस पर संविधान सभा के हमारे पुरखों ने खूब विमर्श किया था और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान को लिखा था। समय और आवश्यकता के अनुसार हमारी संसद ने संविधान में 100 से अधिक संशोधन पारित किए हैं। भारत संविधान और कानून के जरिए सौहार्द और सहजता से चलता रहा है।

**लोकतंत्र की मंदिर संसद की नई इमारत में 'राजदंड' के मायने क्या हैं? क्या एक महान लोकतंत्र प्रतीक रूप में ही सही 'राजदंड' से हांका जा सकता है? कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी को इसका स्पष्टीकरण देना पड़ेगा।**

लोकतंत्र की मंदिर संसद की नई इमारत में 'राजदंड' के मायने क्या हैं? क्या एक महान लोकतंत्र प्रतीक रूप में ही सही 'राजदंड' से हांका जा सकता है? कमोबेश प्रधानमंत्री मोदी को इसका स्पष्टीकरण देना पड़ेगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी अपने कार्यकाल के 9 लंबे साल शासन कर चुके हैं। अचानक 'राजदंड' और उसके महात्म्य की याद कहां से आई? मौजूदा प्रधानमंत्री से पहले कई और प्रधानमंत्री भारत का नेतृत्व कर चुके हैं। आपातकाल का दौर छोड़ दें, तो देश में लोकतंत्र और संविधान जीवंत तौर पर क्रियान्वित रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्षस्थ नेता अटल बिहारी वाजपेयी भी 6 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके कार्यकाल में खुफिया एजेंसियों और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने भी उन्हें खुलासा नहीं किया कि 'राजदंड' भी कोई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बला है और इलाहाबाद के संग्रहालय में धूल फांक रही है। तमिलनाडु में शैव मठ के संतों और पुजारियों तथा आस्थावानों ने भी कभी यह मांग नहीं की कि सत्ता हस्तांतरण 'राजदंड' के जरिए की जाए।

दरअसल, हमारा लोकतंत्र इतना सशक्त है कि किसी भी जनादेश के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता हस्तांतरण बड़े सहज और स्वाभाविक तौर पर हो जाता है। बेशक 28 मई 'संसदीय महोत्सव' की तारीख दर्ज कर ली गई, लेकिन भारत का लोकतांत्रिक और संसदीय परिदृश्य आधा अधूरा और विभाजित दिखा। विपक्ष पर दोषारोपण किया जा सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को मंथन करना चाहिए कि 10-11 मुख्यमंत्री नीति आयोग की अधिशासी परिषद की बैठक का भी 'अघोषित बहिष्कार' करते हैं। क्या यह विकसित भारत के लिए एक बेहतर प्रवृत्ति है? क्या 'राजदंड' के जरिए प्रधानमंत्री राजनीतिक तौर पर तमिलनाडु व केरल को संबोधित कर रहे हैं? बेशक भाजपा नेतृत्व इस राजनीति को स्वीकार न करे, लेकिन समय इसका भी खुलासा कर देगा। यदि प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति समन्वयवादी और सहमति की होती, तो ऐसा बहिष्कार टाला जा सकता था। बुनियादी समस्या संवादहीनता व आम सहमति की है। प्रधानमंत्री ने इसके प्रयास कभी नहीं किए। सिर्फ चुनाव जीतना और बहुमत प्राप्त करना ही लोकतंत्र नहीं है। बहुमत मिलता है, लेकिन किसी विजेता राजनीतिक दल या गठबंधन को 50 फीसदी से ज्यादा जनादेश नहीं मिलता। जो पराजित होते हैं, उन्हें भी जनादेश मिलता है, लोकतंत्र में उनकी भी भूमिका होती है। प्रधानमंत्री महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वदलीय बैठक बुला कर और विपक्ष की सलाह भी मान कर 'विभाजित स्थितियों' से बच सकते थे।

# भारत की वैश्विक भूमिका के नायक मोदी





विष्णु दत्त शर्मा

***कुछ*** दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जब जापान में हुई जी-7 की बैठक के बाद इंडो-पैसिफिक देश पापुआ न्यू गिनी पहुंचे, तब वहां के इतिहास में तीन अद्वितीय घटनाएं हुईं। एक तो यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा इंडो-पैसिफिक देश का पहला दौरा था और दूसरा यह कि पापुआ न्यू गिनी ने पहली बार सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत किया। जबकि पापुआ न्यू गिनी की परंपरा में सूर्यास्त के बाद किसी का औपचारिक स्वागत करने की परंपरा नहीं है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री का वहां न केवल औपचारिक स्वागत किया गया, बल्कि एयरपोर्ट पर पारंपरिक लोकनृत्य का भी आयोजन किया गया। तीसरी अहम घटना थी पोर्ट मोरेस्बी एयरपोर्ट पर पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे द्वारा नरेन्द्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद मांगना। शायद ही ऐसा कभी हुआ है कि एक राष्ट्राध्यक्ष ने दूसरे किसी राष्ट्राध्यक्ष का सार्वजनिक रूप से पैर छूकर आशीष लिया हो। अपने अग्रज के आदरपूर्वक पैर छूकर आशीष लेने के सांस्कृतिक अभिवादन व अभिव्यक्ति को किसी दूसरे देश द्वारा अपने व्यवहार में लाना, हम सभी भारतीयों के लिए गौरव तो है ही हमारी सांस्कृतिक आस्थाओं को भी दुनिया में स्थान मिलने का प्रमाण है। इसलिए तीनों घटनाएं सामान्य नहीं हैं। आधुनिक युग में राष्ट्राध्यक्षों के स्वागत मेजबान देश के प्रोटोकॉल के अनुसार ही नियोजित किये जाते हैं। उनमें कोई बड़ा बदलाव तभी होता है, जब सामने वाला राष्ट्राध्यक्ष भी किसी महान देश और उसकी विरासत का असाधारण नेतृत्व करने वाला हो। नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर आज दुनिया में एक ऐसे ही महान देश के असाधारण नेता माने जाते हैं। इसका भी ताजा उदाहरण हमें उनके गत विदेश दौरे में देखने को मिला, जब पापुआ न्यू गिनी के बाद हमारे पीएम ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। 23 मई को कुडोस बैंक एरिना में बीस हजार लोगों के जनसैलाब के समक्ष ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने नरेन्द्र मोदी को 'बॉस' बताया। उन्होंने कहा- मोदी इज द बॉस। किसी समकक्ष नेता के मुंह से ऐसे वाक्य यूं ही नहीं निकलते, इसके लिए सामने किसी विराट व्यक्तित्व का होना अपरिहार्य है। इसलिए पिछले नौ साल में मोदी जी की लगभग 65 देशों की यात्राओं से हटकर इन घटनाओं को देखना चाहिए। यह विदेश यात्रा तो इसलिए भी बहुत मायने रखती है कि इस दौरान हमारे लोकप्रिय असाधारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिजी और पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया गया। ये सम्मान उन्हें ग्लोबल साउथ के विषयों को आगे बढ़ाने और उनके वैश्विक नेतृत्व के लिए दिया गया है। फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' दिया जो बहुत ही कम बाहरी लोगों को दिया गया है। भारतीय प्रशांत द्वीप देशों की एकता और ग्लोबल साउथ लक्ष्यों की अगुवाई करने के लिए पापुआ न्यू गिनी ने भी मोदी जी को 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू' से सम्मानित किया। जाहिर सी बात है कि ग्लोबल साउथ यानी गैर यूरोपीय (लगभग 100) देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में अपना नायक देख रहे हैं। यह उनके नेतृत्व कौशल का ही कमाल है कि नौ साल के कार्यकाल में अमेरिका, रूस और मिडिल ईस्ट समेत कई देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। वर्ष 2016 में सऊदी अरब ने गैर-मुस्लिम गणमान्य को दिये जाने वाले अपने सर्वोच्च सम्मान 'अब्दुलअजीज अल सॉद' से सम्मानित किया था। अफगानिस्तान ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'गाजी अमीर अमानुल्लाह खान' से नवाजा। 2018 में फिलिस्तीन ने मोदी को विदेशी गणमान्य नागरिकों को दिये जाने वाले सर्वोच्च सम्मान 'ग्रांड कॉलर ऑफ द स्टेट' दिया। संयुक्त अरब अमीरात ने भी 2019 में अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'जायेद मेडल' से मोदी का सम्मान किया। इसी कड़ी में दुनिया की बड़ी शक्ति रूस ने भी 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'सेंट एंड्रू अवॉर्ड' से सम्मानित किया तो बहरीन ने 2019 में 'किंग हमाद ऑर्डर ऑफ दि रेनेसां' दिया, जो खाड़ी देशों का सर्वोच्च सम्मान है। मालदीव ने किसी भी विदेशी नागरिक को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान 2019 में 'निशान इज्जुदीन अवॉर्ड' मोदी को दिया। अमेरिकी सरकार ने 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका सशस्त्र बलों के लिए उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों के प्रदर्शन में असाधारण आचरण के लिए दिया जाने वाला 'लीजन ऑफ मेरिट'अवार्ड मोदी को प्रदान किया। पड़ोसी देश भूटान भी उन्हें 2021 में सर्वोच्च नागरिक अलंकरण 'ऑर्डर ऑफ दि ड्रुक गियल्पो' से सम्मानित कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उन्हें 2018 में 'सियोल पीस प्राइस' से नवाजा गया था। वैश्विक सम्मान की ऐसी शृंखला यह जाहिर करती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारा देश दुनिया में बड़ी भूमिका निभाने की इबारत लिख चुका है। दुनिया समझ रही है कि महान देश भारत को एक असाधारण नेतृत्व मिला है, जिसने अपने देश के पुराने गौरव को वापस लाने में भगीरथ भूमिका निभाई है। यह कोई साधारण बात नहीं है कि जब 2014 में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब हमारी योग परंपरा को वैश्विक स्वीकृति मिली और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत हुई। 2014 में ग्लोबल इकोनॉमी में भारत दसवें स्थान पर था, जो कि 2022 में ब्रिटेन को बाहर करके पांचवें स्थान पर आ गया। अब जर्मनी को पछाड़कर यह चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत की यह शक्ति उसके असाधारण नेतृत्व के कारण बढ़ी है। इसलिए दुनिया के नेताओं ने मोदी के करिश्माई नेतृत्व को परख लिया है एवं उन्हें नरेन्द्र मोदी में विश्व का नेतृत्वकर्ता दिखाई देता है। सदियों से भारत विश्व को राह दिखाने वाला राष्ट्र रहा है। इसीलिए यह विश्व गुरु की भूमिका निभाने का अधिकारी भी रहा। हर कालखंड में दुनिया के देशों ने भारत से वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखी है, परन्तु दशकों से भारत को इस भूमिका को निभाते हुए नहीं देखा गया। लेकिन 2014 के बाद बदलते भारत को देखकर विश्व ने भी यह अनुभव किया है कि अब यह देश नए नेतृत्व के साथ नई भूमिका में आ गया है। चाहे वह पड़ोसी देशों के विवाद हों, विश्व आपदाएं हों, सामरिक चुनौतियां हों या आर्थिक मोर्चा, सारे मामलों में भारत का अब निजी नजरिया और निर्णय होता है। यह नजरिया इसके नेतृत्व की कार्यशैली से सिद्ध हुआ है।

**2014 में ग्लोबल इकोनॉमी में भारत दसवें स्थान पर था, जो कि 2022 में ब्रिटेन को बाहर करके पांचवें स्थान पर आ गया। अब जर्मनी को पछाड़कर यह चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

## *आईए सुनें निर्जला एकादशी की कथा*

***व्यासजी*** के वचन सुनकर भीमसेन नरक में जाने के नाम से भयभीत हो गये और कांपकर कहने लगे कि अब क्या करूं? मास में दो व्रत तो मैं कर नहीं सकता, हां वर्ष में एक व्रत करने का प्रयत्न अवश्य कर सकता हूं। अतः वर्ष में एक दिन व्रत करने से यदि मेरी मुक्ति हो जाय तो ऐसा कोई व्रत बताइये। यह सुनकर व्यासजी कहने लगे कि वृषभ और मिथुन की संक्रांति के बीच ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की जो एकादशी आती है, उसका नाम निर्जला है। तुम उस एकादशी का व्रत करो। इस एकादशी के व्रत में स्नान और आचमन के सिवा जल वर्जित है। आचमन में छः मासे से अधिक जल नहीं होना चाहिए अन्यथा वह मद्यपान के सदृश हो जाता है। इस दिन भोजन नहीं करना चाहिए, क्योंकि भोजन करने से व्रत नष्ट हो जाता है। यदि एकादशी को सूर्योदय से लेकर द्वादशी के सूर्योदय तक जल ग्रहण न करे तो उसे सारी एकादशियों के व्रत का फल प्राप्त होता है। द्वादशी को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि करके ब्राह्मणों का दान आदि देना चाहिए। इसके पश्चात भूखे और सत्पात्र ब्राह्मण को भोजन कराकर फिर आप भोजन कर लेना चाहिए। इसका फल पूरे एक वर्ष की संपूर्ण एकादशियों के बराबर होता है। व्यासजी कहने लगे कि हे भीमसेन! यह मुझको स्वयं भगवान ने बताया है। इस एकादशी का पुण्य समस्त तीर्थों और दानों से अधिक है। केवल एक दिन मनुष्य निर्जल रहने से पापों से मुक्त हो जाता है। जो मनुष्य निर्जला एकादशी का व्रत करते हैं उनकी मृत्यु के समय यमदूत आकर नहीं घेरते वरन भगवान के पार्षद उसे पुष्पक विमान में बिठाकर स्वर्ग को ले जाते हैं। अतः संसार में सबसे श्रेष्ठ निर्जला एकादशी का व्रत है। इसलिए यत्न के साथ इस व्रत को करना चाहिए। उस दिन ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का उच्चारण करना चाहिए और गौदान करना चाहिए। इस प्रकार व्यासजी की आज्ञानुसार भीमसेन ने इस व्रत को किया। इसलिए इस एकादशी को भीमसेनी या पांडव एकादशी भी कहते हैं।

*(क्रमशः)*

# गंगा की लहरों पर भारत की अमर कहानी



सुरेन्द्र किशोरी

***भारतीय*** सभ्यता व संस्कृति को जीवंत बनाने में यदि किसी का सर्वाधिक योगदान है तो वह हैं गंगा। गंगा सिर्फ नदी नहीं हैं, वह जीवनदायिनी हैं। गंगा की पवित्र लहरों में भारत की अमर कहानी अंकित है। सभ्यता और संस्कृति को सर्व लोक उपकारी बनाने की प्रेरणा गंगा की लहरों ने ही मानव हृदय को दी है। भारत में गंगा की निर्मल धारा प्राचीन काल से ही अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह धरती पर बहकर भी देवताओं की नदी है। गंगा लोक की सुख-समृद्धि की विधात्री हैं। ऋषि, संत और मुनि जिन सात नदियों का स्मरण स्नान के समय करते हैं, उनमें सर्वप्रथम गंगा का ही नाम आता है। 'गंगे चै यमुने चैव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु।' नदियों में पवित्रता एवं महात्म्य की दृष्टि से गंगा का स्थान सर्वोच्च है। गोमुख से लेकर गंगा सागर तक गंगा की अजस्त्र वाहिनी पावन धारा से कितने ही नर, नारी, पशु, कीट, पतंग, जलचर, नभचर आदि जीव-जंतु अपना एहिक और पारलौकिक कार्य करते हैं। जो लोग नित्य गंगा में स्नान करने का पुण्य अवसर नहीं निकाल पाते हैं, वह दर्शन, स्पर्श एवं आचमन करने के लिए थोड़ा सा गंगाजल अपने घरों में रखते हैं। पूजन आदि के समय गंगा जल के अभाव में केवल गंगा का नाम स्मरण ही अनेक जन करते हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जो हजारों योजन दूर से पावन शब्द गंगा का स्मरण करता है, वह अपने सभी पातकों से मुक्त होकर विष्णुलोक को चला जाता है। प्रतिदिन असंख्य व्यक्तियों द्वारा संस्मृत, ध्यानावस्थित, पूजित, मज्जित एवं पीत, गंगा की महिमा की समानता विश्व में अन्य नदी से नहीं हो सकती। यही कारण है कि प्राचीनकाल से लेकर अब तक गंगा की महिमा से संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, अरबी, फारसी आदि साहित्य का जितना आंचल भरा गया है, उतना किसी अन्य नदी की महिमा से नहीं। सहस्त्रों वर्षों से गंगा देश के कण-कण में व्याप्त है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हिमालय की औषधियों का ऐसा विचित्र प्रभाव है, जिसके कारण गंगा जल में कीटाणु नहीं पड़ते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पुण्य सलिला गंगा भगवान विष्णु के पदनख से निकलने के कारण समस्त लौकिक एवं पारलौकिक रोगों तथा पापों को हरने वाली हैं। गंगा तट वासियों को तो हमेशा यह स्तोत्र याद रहता है कि 'गंगे तव दर्शनान्मुत्तिः।' दर्शन, स्नान तथा पान करने से दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप नष्ट करने की अमोघ शक्ति गंगा जल में सदैव से विद्यमान रही है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है 'कहि-कहि कोटिक कथा प्रसंगा, राम विलोकहि गंग तरंगा।' उन्होंने तो एक ही चौपाई में गंगा के संबंध में वह सब कह दिया है जो प्राचीन काल से लोग आज तक कहते चले आए हैं 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनी हरनि सब सूला।' सनातन धर्मावलंबियों ने गंगा को माता कहा है। यह माता ही नहीं लोक माता भी हैं। अखिल ब्रह्माण्ड व्यापक जग के विधाता, पोषक एवं संहारक ब्रह्मा, शंकर एवं विष्णु के द्रव रूप में भागीरथी हिन्दुओं के मानस पटल पर ऐसा प्रभाव डालती हैं कि कोई भी हिन्दू समाज गंगा को न तो नदी के रूप में देखता है और न किसी के मुख से यह सुनना चाहता है कि गंगा नदी है। उसकी तो अंतिम इच्छा होती है कि मृत्यु के समय उसके मुख में एक बूंद भी गंगा जल चला जाए तो उसका मानव जीवन सफल हो जायेगा। रहीम कहते हैं कि 'हे मां गंगा, तू अपने भक्तों को या तो विष्णु बना देती हो या शिव, मेरी प्रार्थना है कि मुझे कभी भी विष्णु मत बनाना, मुझे शिव ही बनाना। जिससे मैं हमेशा आपको अपने सिर पर ही रखूं।


**सहस्त्रों वर्षों से गंगा देश के कण-कण में व्याप्त है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हिमालय की औषधियों का ऐसा विचित्र प्रभाव है, जिसके कारण गंगा जल में कीटाणु नहीं पड़ते हैं।**

**धर्म-ज्ञान**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# ऑनलाइन गेम का मकड़जाल



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***ऑनलाइन*** गेम के प्रति बढ़ती दुनिया की दीवानगी चिंतनीय है। आज ऑनलाइन गेमिंग की ग्रोथ रेट यानी कि इसके प्रति लोगों का रुझान 12 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। नित नये गेम मार्केट में आ रहे हैं। दिन प्रतिदिन नये लोग इनके मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। बच्चे तो बच्चे अब तो महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। लुमिकाई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार आर्नलाइन गेमिंग में महिलाओं के हिस्सेदारी बढ़ते-बढ़ते 43 फीसदी का आंकड़ा छू गई है। दरअसर ऑनलाइन गेमिंग के जहां बुद्धि कौशल विकास के फायदे बताये जा रहे हैं, वहीं नुकसानों की गिनती की जाए तो वह कहीं ज्यादा है। यहां तक कि गेमिंग के चक्कर में कई बच्चे और युवा जिंदगी तक दांव पर लगा रहे हैं। यह वास्तव में चिंतनीय और गंभीर हो जाता है। साठ के दशक में रुडोल्फ हेनरिक बेयर ने ऑनलाइन गेमिंग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पहला गेम बनाया था। तब शायद ही यह बात उनके जेहन में आई होगी कि कुछ ही समय में यह गेमिंग का सिलसिला इतना लोकप्रिय हो जायेगा कि पूरी तरह से बिजनेस का आकार ले लेगा। देखा जाए तो ऑनालाइन गेमिंग की सहज एक्सिबिलिटी ने भी इसे लोकप्रिय बना दिया। गेम कंसोल की बात करें तो प्लेस्टेशन, एक्सबॉक्स, निंटेंडों, पीसी, लेपटॉप, मोबाइल आदि में सहजता से खेलने की सुविधा होने से गेमों के प्रति लोगों की लोकप्रियता भी बढ़ी है। जानकारों का मानना है कि ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में आज कुछ सौ या हजार नहीं अपितु आठ लाख 31 हजार गेम प्रचलन में बताये जा रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग का यह कारोबार 2025 तक पांच बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। विशेषज्ञ 28 से 30 प्रतिशत सालाना ग्रोथ रेट के साथ इस कारोबार में बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त जता रहे हैं। दर असल ऑनलाइन गेमिंग से अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। चिंता का विषय यह है कि अब तक ऑनलाइन गेमिंग के जाल में बच्चे और युवाओं को ही पिसते हुए देखा जा रहा था। अब तो महिलाएं भी इस जंजाल में फंस रही हैं। भारत में करीब 50 करोड़ लोग इसकी जद में आ गये हैं। इनमें 55 फीसदी पुरुष, 43 फीसदी महिलाएं है और केवल 2 प्रतिशत लोग ही अन्य हैं। दिक्कत यह है कि भले ही कुछ गेम मानसिक तनाव को कम करने या बुद्धि कौशल बढ़ाने में सहायक हों पर बहुत से गेम ऐसे भी है जो संवेदनशील बच्चों-युवाओं को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। कुछ गेम पूरी तरह से जुआ पर आधारित हैं। इनमें ठगी और छलावा भी तेजी से हो रहा है। एक तरह से इस तरह के गेम जुआ या लॉटरी जैसे ही हैं। इसमें गेम जीतने वालों को भारी भरकम राशि मिलने का सपना दिखाया जाता है। जीतने के बाद भी लोग अपने को ठगा महसूस करते हैं। कुछ गेमों में टास्क दर टास्क इस कदर हावी हो जाता है कि गेम खेलने वाले सबकुछ भूल कर उसी में खो जाते हैं। ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी को लैंगिक असमानता के रूप में नहीं देखते हुए इससे होने वाले नुकसान या दुष्प्रभाव के आईने में देखना होगा। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि बहुत सारे इस तरह के गेम भी बाजार में आ रहे हैं जो मन पर विपरीत प्रभाव ड़ालते हुए मनोदशा को प्रभावित करते हैं। यहां तक कि आक्रोश, हिंसा, कुंठा, संवेदनहीनता, क्रूता जैसी भावनाएं बढ़ाते हैं। देखा जाए तो यह एक तरह का नशा है और इस तरह का नशा कहीं न कहीं मनोदशा को बुरी तरह से प्रभावित करता है।

**ऑनलाइन गेमिंग का यह कारोबार 2025 तक पांच बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। विशेषज्ञ 28 से 30 प्रतिशत सालाना ग्रोथ रेट इस कारोबार में बढ़ोतरी की संभावना हैं।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# समर में मिलेट्स की मदद से बनाएं ये हेल्दी ड्रिंक

गर्मी में मैंगो शेक तो हम सभी पीते हैं, लेकिन अब आप राजगिरा शेक लेकर देखें। यह एक बेहद ही हेल्दी मिलेट है, जिसके न्यूट्रिशन वैल्यू के कारण हर किसी को इसे खाने की सलाह दी जाती है। आप इसकी मदद से एक शेक बनाकर ले सकते हैं। गर्मी के दिनों में खाने से ज्यादा हम तरह-तरह की ड्रिंक्स लेना पसंद करते हैं। चूंकि इस मौसम में प्यास बहुत अधिक लगती है तो ऐसे में सिर्फ पानी आपकी प्यास नहीं बुझा पाता। दिन में कुछ अलग-अलग पीने का मन करता है। हालांकि, इस स्थिति में कैलोरी और शुगरी अनहेल्दी ड्रिंक्स लेने के स्थान पर आप मिलेट्स की मदद से कुछ हेल्दी ड्रिंक्स का सेवन करें। बता दें कि मिलेट्स को सुपरफूड कहा जाता है और यह एनर्जी से भरपूर होते हैं। इनके फायदों के कारण ही संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2023 को अंतराष्ट्रीय मिलेट क्रॉप वर्ष घोषित किया गया है। तो अब आप भी मिलेट को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।



## राजगिरा शेक

गर्मी में मैंगो शेक तो हम सभी पीते हैं, लेकिन अब आप राजगिरा शेक लेकर देखें। यह एक बेहद ही हेल्दी मिलेट है, जिसके न्यूट्रिशन वैल्यू के कारण हर किसी को इसे खाने की सलाह दी जाती है। आप इसकी मदद से एक शेक बनाकर ले सकते हैं। राजगिरा शेक को बनाने के लिए आपको बस कुछ भिगा हुआ राजगिरा, शहद, पानी, दूध, खजूर, काजू और किशमिश आदि की जरूरत होगी।

## रागी मैंगो स्मूदी

गर्मी के दिनों में रागी का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। यह आपके शरीर को ठंडक प्रदान करता है। इस मिलेट में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है और यह शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचा सकता है। साथ ही, विटामिन सी की मौजूदगी के कारण यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकता है। आप रागी मैंगो स्मूदी बनाने के लिए आपको रागी आटे के साथ-साथ मैंगो प्यूरी और पानी की जरूरत होगी।

## बाजरा राब

बाजरा राब एक बेहद ही पॉपुलर ड्रिंक है, जिसे बाजरे की मदद से तैयार किया जाता है। चूंकि राजस्थान में गर्मी बहुत अधिक होती है और यहां पर लोग गर्मी के दिनों में बाजरा राब बनाकर पीते हैं। इसमें भुने हुए बाजरे के आटे को अदरक पाउडर, अजवाइन, नमक और अन्य सामग्री के साथ मिक्स करके बनाया जाता है।

❖ **मिताली जैन**

# पास्ता बनाते समय रखें इन बातों का ध्यान

आपको जानकर हैरानी होगी कि अगर सही ढंग से पास्ता का सेवन किया जाए तो ये वजन कम करने में मदद कर सकता है। आज हम आपको सेहतमंद पास्ता बनाने की टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपकी वजन कम करने के सफर को स्वादिष्ट बना देंगे। बढ़ते हुए वजन को कम करना एक बड़ा ही मुश्किल और थका देने वाला टास्क होता है। इसके लिए लोगों को स्पेशल डाइट फॉलो करनी पड़ती है। आमतौर पर लोग वजन कम करने के सफर के दौरान घर का बना खाना ही खाते हैं। लेकिन एक समय के बाद घर का बना खाना उबाऊ लगने लगता है और लोगों के पास इसे खाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होता है। अगर आप भी अपने रोज के खाने से ऊब चुके हैं और कुछ स्वस्थ और स्वादिष्ट खाने का विकल्प ढूंढ रहे हैं तो आप पास्ता को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। जी हाँ, सही पढ़ा आपने, पास्ता खाने से वजन बढ़ता है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि अगर सही ढंग से पास्ता का सेवन किया जाए तो ये वजन कम करने में मदद कर सकता है।



सही पास्ता का करें चुनाव- सेहतमंद और वजन कम करने के लिए पास्ता का सेवन कर रहे हैं तो जरुरी है कि सही पास्ता का चुनाव किया जाए। आमतौर पर लोग मैदा से बना पास्ता बनाकर खाते हैं, जिसकी वजह से उनका वजन बढ़ जाता है। मैदा से बने पास्ता की बजाय बाजरा, ज्वार और रागी से बने पास्ता को चुने। साबुत अनाज से बना पास्ता खाने में स्वादिष्ट होने के साथ कई जरुरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है।

**सब्जियों का करें इस्तेमाल :** वजन करने की सोच रहे हैं तो सिर्फ पास्ता का सेवन करना आपको महंगा पड़ सकता है। इसलिए आप पास्ता में सब्जियों का इस्तेमाल करें। इससे पास्ता में स्वाद और पोषक तत्व की मात्रा बढ़ेगी और आपके वजन पर भार भी नहीं बढ़ेगा। पास्ता में आप मकई, ब्रोकोली, तोरी, शिमला मिर्च, प्याज, जैतून और हालापिनोज जैसी सब्जियां डाल सकते हैं। सही तेल का इस्तेमाल करना जरुरी- पास्ता बनाने के लिए जैतून के तेल का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा माना जाता है। जैतून का तेल पास्ता को आंत में चिपकने से रोकता है। अगर आपके पास जैतून का तेल नहीं है तो आप सरसों के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# ऑयली स्किन के लिए बेस्ट है ये होममेड फेस स्क्रब

अगर आप अपनी ऑयली स्किन से परेशान हैं, तो आपको ऐसे टैन स्क्रब की जरूरत है। जो आपकी त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को हटा सके। इसके लिए आप कुछ घरेलू उपाय भी अपना सकती हैं। इससे आपको पिंपल्स की समस्या भी नहीं होगी। गर्मियों में सूरज की तेज किरणों से हमारी स्किन का टैन होना आम बात है। लेकिन टैन स्किन से छुटकारा पाना उतना ही मुश्किल होता है। ऐसे में बिना सनस्क्रीम के बाहर नहीं निकलना चाहिए। वहीं ऑयली स्किन होने पर भी गर्मियों में काफी दिक्कत होती है। यदि आपकी स्किन भी ऑयली है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि आप कुछ घरेलू टैन स्क्रब की मदद से अपनी स्किन के एक्स्ट्रा ऑयल को दूर करने के साथ ही पिंपल्स से भी निजात पा सकती हैं।

## कॉफी का स्क्रब

कॉफी में मौजूद कैफीन आपकी स्किन के लिए नेचुरली ग्लो लाने में मदद करता है। बता दें कि कॉफी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। साथ ही इसमें मौजूद कैफीन स्किन को सही से एक्सफोलिएट भी करता है। इसके लिए एक चम्मच कॉफी मे एक बड़ा चम्मच दही मिक्स करें। इसके बाद इससे अपने फेस की 2-3 मिनट तक मसाज करें। फिर इसे फेस पर 5 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। इस स्क्रब को आप हफ्ते में 2 बार अप्लाई कर सकती हैं।



## नींबू और चीनी का स्क्रब

नींबू और चीनी का स्क्रब ऑयली स्किन के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। थोड़ी सी चीनी लेकर इसके नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद इसे अपने फेस पर हल्के हाथों से रगड़ें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपको ऑयली स्किन से जल्द ही छुटकारा मिलेगा और इसका इस्तेमाल टैन हटाने के लिए भी कर सकते हैं।

## मसूर दाल का स्क्रब

आपकी स्किन से डेड सेल्स और गंदगी हटाने के लिए मसूर दाल का स्क्रब सबसे बेहतर है। इस स्क्रब को बनाने के लिए दो चम्मच मसूर दाल को पीस लें। इसे ज्यादा महीन न करें। फिर इसमें एक चुटकी हल्दी और 1 चम्मच दही मिलाएं। इसके बाद इस स्क्रब को पूरे फेस पर हल्के हाथों से 2-3 मिनट तक स्क्रब करें। सप्ताह में एक बार इस स्क्रब का इस्तेमाल करने से आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

## शहद और चावल के पाउडर का स्क्रब

यह होममेड स्क्रब न सिर्फ आपकी ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे आपको नेचुरल ग्लो भी मिलता है। इस स्क्रब को बनाने के लिए चावल के पाउडर में शहद मिलाएं। फिर इसे अपने फेस पर स्क्रब करें। इसके बाद इसको सूखने के लिए छोड़ दें। यह स्क्रब आपकी स्किन के लिए बेहद लाभकारी है।

## ऑरेंज पील स्क्रब

संतरे के छिलकों में मौजूद कंपाउंड न सिर्फ ऑयल प्रोडक्शन को कंट्रोल करते हैं, बल्कि स्किन की रंगत भी निखारते हैं। इसका एक्सफोलिएटिंग एक्शन सेंसिटिव स्किन के लिए भी सही है। इसका स्क्रब बनाने के लिए 1 बड़ा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर लें और उसमें 1 बड़ा चम्मच शहद और एक चुटकी हल्दी डालें। इस पेस्ट से 3-4 मिनट तक चेहरे को स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें। इस स्क्रब का इस्तेमाल हफ्ते में दो बार करें।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# यह हुई न बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

स्टाफ रूम में बैठे भवानीदास कक्षा की तैयारी कर रहे थे। यह देख उनके साथी अध्यापक मोहन ने उन्हें टोका- 'आप हर दिन कक्षा में इतना गला फाड़कर पढ़ाते हैं। इसका कोई फायदा भी है? जो पढ़ने वाला होगा वही पढ़ेगा। बाकियों को पढ़ाने का क्या मतलब? न उन्हें कुछ आता है न जाता है। आप इतनी मेहनत करते ही क्यों हैं? आपकी वजह से हमारा जीना दुश्वार हो गया है। वैसे भी स्तरहीन बच्चों को जितना भी पढ़ाएं, आखिरकार बनना तो उन्हें बेरोजगार ही तो है। दो-चार जरूरी प्रश्न पढ़ाकर उनसे पिंड छुड़ाइए। काहे को बेवजह का टिटिम्मा पालकर रखे हैं। कौनसा इन्हें आगे चलकर झंडे गाड़ना है। अंकों की होड़ ने तो शिक्षा को कब का मूल्यहीन बना दिया है। ऐसी शिक्षा भी कोई शिक्षा है? बात-बात में प्रधानाध्यापक आपका नाम ले-लेकर हमारी नाक में दम कर रखे हैं। हम आपके हाथ जोड़ते हैं। बच्चों को जितनी आवश्यकता है उतना ही पढ़ाइए। हद से ज्यादा पढ़ाने के चक्कर में हमारा बोरिया-बिस्तरा गोल मत कीजिए।'

भवानीदास चुप थे। अपने साथी अध्यापक की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे। फिर एक लंबी सांस लेते हुए कहा - 'कभी आपने चींटियों की लाइन देखी है? नहीं न? यदि देखी होती तो आप इस तरह मुझसे खीझकर बातें नहीं करते। चींटियों की वैसे तो कई खूबियां हैं। उनमें एक खूबी यह भी है कि वे अनुशासन के साथ कतार में चलने की सीख देती हैं। जो चींटी सबसे आगे होती है, वह पीछे-पीछे चलने वाली चींटियों को रास्ता बताते हुए चलती है। वह बड़ी समझदार, जागरूक तथा बुद्धिमान होती है। मात्र उसे ही मंजिल का पता होता है, सो पीछे वाली चींटियां उसका देखा-देखी कर पीछे-पीछे चल पड़ती हैं। गौर करने वाली बात यह है कि सभी चींटियां मेहनत कर रही हैं। किंतु रास्ता केवल एक को पता है। यदि बाकी की चींटियां उसका ठीक-ठीक पालन करेंगी तो अगली बार उन्हें किसी के पीछे चलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।'

साथी अध्यापक ने सारी बातें ध्यान से सुनी। किंतु अपनी खीझ का इन बातों से संबंध जोड़ नहीं पाए। उनके चेहरे पर उभरे प्रश्नचिह्न को देखकर भवानीदास समझ गए।

भवानीदास इन बातों का संबंध कक्षा के बच्चों से जोड़ते हुए कहा- 'जब मैं पहली बार कक्षा में आया था तब चालीस में से केवल दस बच्चों को पढ़ना-लिखना आता था। आज यह संख्या बढ़कर बाईस हो गयी है। मैंने उन दस बच्चों की शेष बच्चों से तुलना नहीं की। उनके आत्मविश्वास को ठेस नहीं पहुँचाया। बल्कि शेष बच्चों में यह विश्वास दिलाया कि वे भी उन दस बच्चों की तरह बन सकते हैं। इसके लिए मैंने केवल उनका मार्गदर्शन किया है। दुनिया का कोई भी बच्चा कमजोर या फिसड्डी नहीं होता। यदि हम बच्चों की समझ से परे पढ़ाते हैं, तो दोष उनका नहीं हमारा है। हमारे दोष के लिए बच्चों को दोषी ठहराना सबसे बड़ा पाप है। आवश्यकता है तो उन्हें अवसर देने की। उन पर विश्वास करने की। उनकी विशेषताओं को औजार बनाकर प्रेरित करने की। वे अवश्य आगे बढ़ सकते हैं। मैंने बच्चों को यही सिखाया है कि तुम किसी के पीछे मत ठहरो। तुम जहाँ ठहरो वहीं से नयी लाइन शुरू होनी चाहिए। मैंने मार्गपालक नहीं मार्गदर्शक बनने की सीख दी है।

साथी अध्यापक, भवानीदास की बातें सुन लज्जित हुआ। सिर झुका लिया। झुके सिर से उन्होंने 'हर बच्चा खास है' की सार्वभौमिक सत्यता स्वीकार ली।

**कौन कहता है सिर्फ तारे, पास आसमान के होते हैं!**
**क्या मुस्कुराते बच्चे, किसी सितारे से कम होते हैं!!**

## सूडोकु नवताल- 6715

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6714 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**30 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.23 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कर्क | 08.36 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.53 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.04 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 15.15 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.30 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.46 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.51 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.37 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.10 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 02.41 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.21 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 150 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 13.09 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त अहोरात्र।
**योग** सिद्धि(असृक) 20.54 बजे को समाप्त। **करण** गर 13.09 बजे तदनन्तर वणिज 01.33 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 42'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871629
**जूलियन दिन** 2460094.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 10
**विशेष** गंगा दशहरा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7777



**बाएँ से दाएँ**

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक(अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पाँव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आंवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**

1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

### शब्द पहेली -7776 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | च | क | न | | | आ | ब | रु |
| जू | | | ब | र | दा | न | | ख |
| बा | ल | | | वा | दा | | | सा |
| | ल | त | | ना | | म | ग | र |
| | का | र | ण | | क | ल | फ | |
| ह | र | फ | | आ | | बा | ल | |
| वा | | | दा | वा | | | त | ह |
| ला | | रा | ह | ज | नी | | | व |
| त | मी | ज | | | र | स | खा | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में इच्छाविरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है। कार्यक्षेत्र पर ध्यान दें। नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि :** कारोबार पर भी ध्यान दें। कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क राशि :** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**सिंह राशि :** माता-पिता का साथ मिलेगा। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

**कन्या राशि :** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। परिवार की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**तुला राशि :** नौकरी में परिवर्तन की योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक राशि :** पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ सकती है। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र का आगमन हो सकता है।

**धनु राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहें हैं। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**मकर राशि :** अति उत्साही होने से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार से दूर जाना भी पड़ सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति अभी बनी रहेगी।

**कुंभ राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में वृद्धि होगी, परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मीन राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

## कमलजीत का ख्वाब इंटरनेशनल में गोल्ड मेडल जीतना



**एजेंसी। गौतम बुद्ध नगर**
रेवाड़ी के रहने वाले कमलजीत ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, उत्तर प्रदेश 2022 में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल विजेता सरबजोत को हराया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कमलजीत इंदिरागांधी यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी को रिप्रिजेंट कर रहे हैं। वह बताते हैं की निशानेबाजी करना उन्होंने अपने परिवार वालों के कहने पर शुरू किया। 2020 में उनके घर वालो ने एयर पिस्टल खेल खेलने को कहा। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार वालों के सपने को साकार करने के लिए मैदान में उतर गया। इतने कम समय मे उन्होंने एक नेशनल और तीन स्टेट मेडल के अलावा करीब दो दर्जन मेडल जीत चुके हैं। उनके परिवार का खेलो से दूर दूर तक कोई नाता नहीं है।

## पेरिस 2024 : इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के चौथे संस्करण की वापसी



**एजेंसी। मैंगलोर**
भारत में सर्फिंग खेल की शासी निकाय, सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता, इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के चौथे संस्करण को कर्नाटक पर्यटन से लगातार चौथे वर्ष समर्थन प्राप्त हुआ है जबकि साइकिल प्योर अगरबत्ती और जय हिंद ग्रुप प्रमुख भागीदार के रूप में सामने आए हैं। कई अन्य कॉरपोरेट घरानों ने भी पहली बार कर्नाटक और राष्ट्रीय स्तर पर खेल के विकास की स्थापना के लिए इस आयोजन को अपना समर्थन दिया है। तीन दिवसीय सर्फिंग कार्यक्रम में शीर्ष भारतीय सर्फर जैसे संजय कुमार एस, निथिश्वरुन टी, सूर्या पी, रुबन डी, श्रीकांत डी, सतीश सरवनन, मणिकंदन देसप्पन शीर्ष सम्मान के लिए 01 जून से 03 जून तक मंगलुरु के पनमबूर बीच पर मुकाबला करेंगे। इस प्रतियोगिता की मेजबानी मंत्रा सर्फिंग क्लब, मंगलुरु द्वारा की जा रही है। एनआर समूह के प्रबंध भागीदार एवं साइकिल प्योर अगरबत्ती के प्रबंध निदेशक, अर्जुन रंगा ने कहा। हमारे यहाँ खेल भावना को बढ़ावा देने और युवाओं को आशा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता अपरिवर्तित बनी हुई है। हम सर्फिंग की रोमांचक दुनिया को अपना समर्थन देने के लिए उत्साहित हैं। इस खेल में पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने की अविश्वसनीय क्षमता है। इंडियन ओपन सर्फिंग और कर्नाटक सर्फिंग फेस्टिवल के लिए हमारा निरंतर समर्थन, सर्फर समुदाय के लिए एक स्पष्ट आह्वान के रूप में कार्य करता है, उनमें से हर एक को परिवर्तन के उत्प्रेरक और पर्यावरण संरक्षण के लिए चैंपियन बनने का आग्रह करता है। हम अपने बहुमूल्य पारिस्थितिक तंत्र और नाजुक आवासों को संरक्षित और पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से पहल करने के लिए पूरे दिल से योगदान देने की अपनी जिम्मेदारी में दृढ़ विश्वास रखते हैं। पेरिस 2024 पर नजरें गड़ाए हुए, जहां सर्फिंग एक पदक इवेंट के के रूप में अपना पादर्पण करेगी, भारत ने पहली बार आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स 2023, अल सल्वाडोर में चार सदस्यीय टीम भेजी है, जो पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है। पिछले साल की रैंकिंग के आधार पर शीर्ष चार भारतीय सर्फर भी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए एक साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि भारत के शीर्ष सर्फर अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारत की टीम में जगह बनाने की उम्मीद में मैंगलोर में मुकाबला करेंगे। भारत में खेल की बढ़ती लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए रोहन कॉरपोरेशन, नॉर्दर्न स्काई, नोविगो सॉल्यूशंस, कोड क्राफ्ट, सेमनॉक्स और टीटी ग्रुप जैसे कॉर्पोरेट घरानों ने भी सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ इस प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता के समर्थन के लिए हाथ मिलाया है ताकि उनकी लंबी अवधि का विस्तार किया जा सके।

# तिलक वर्मा को अपनी कमजोरियों पर काम करना चाहिए : सहवाग



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग युवा मुंबई इंडियंस (एमआई) के बल्लेबाज तिलक वर्मा के प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उन्हें अपने खेल को बढ़ाने में मदद करने के लिए कुछ टिप्स दिए है। 2022 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले वर्मा ने 14 मैचों में 36.09 की औसत से 397 रन बनाए। उन्होंने 2023 के सीजन में अपने खेल में सुधार किया और 11 मैचों में 42.88 की औसत से 343 रन बनाए। वर्मा ने क्वालिफायर टू में जीटी के खिलाफ 234 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के लिए सिर्फ 14 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी खेली। वर्मा के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए, सहवाग ने उनसे कहा कि वे अपनी फिटनेस में सुधार पर ध्यान दें और उन कौशलों की पहचान करें जिन पर वह काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, उसे दो चीजों पर ध्यान देना चाहिए, अपनी फिटनेस में सुधार करना और उस कौशल की पहचान करना जिस पर वह काम कर सकता है, साथ ही मानसिकता भी। ऐसा अक्सर होता है जब आप नियमित क्रिकेट खेलते हैं, आप समय के साथ खुद को बदलते हैं। लेकिन जब आप नहीं खेल रहे होते हैं तो आपको अपनी फिटनेस और अपने कौशल पर ध्यान देना चाहिए, सूर्यकुमार यादव की तरह, जिन्होंने अपने शॉट्स के लिए बहुत अभ्यास किया। सहवाग ने तिलक को अपनी कमजोरियों पर काम करने पर फोकस करने की भी सलाह दी, इस बात पर प्रकाश डाला कि 20 वर्षीय खिलाड़ी ने उन्हें खुद की याद दिला दी।

तिलक वर्मा को अपनी कमजोरी को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। यह मुझे खुद की याद दिलाता है, जब मैं 1999 में पहली बार भारत के लिए खेला था, तो मुझे शोएब अख्तर ने आउट कर दिया था। इससे पहले कि मैं अपना बल्ला नीचे लाता, गेंद मेरे पैड पर लग गई।

सहवाग ने कहा, तो, दादा (सौरव गांगुली) ने मुझे एक बात बताई .. वापस जाओ, तेज गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास करो, ताकि तुम बेहतर तरीके से तैयार होकर आओ। मैं मध्य क्रम में खेलता था, मुझे स्पिन मिली, और जब तक तेज गेंदबाज आए, मैंने पहले ही एक शतक बना लिया था। इसी तरह, तिलक वर्मा को यह देखने की जरूरत है कि उनकी कमजोरियां कहां हैं।

जूनियर हॉकी एशिया कप

## भारत सेमीफाइनल में पहुंचा थाईलैंड को 17-0 से हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार शाम ओमान में चल रहे जूनियर एशिया कप 2023 में अपने पूल ए में थाईलैंड को 17-0 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ग्रुप ने चरण में नाबाद रहते हुए टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में भी प्रवेश कर लिया। भारत के लिए अंगद बीर सिंह (13', 33', 47', 55'), योगेम्बर रावत (17'), कप्तान उत्तम सिंह (24', 31'), अमनदीप लकड़ा (26', 29'), अरिजीत सिंह हुंदल (36'), विष्णुकांत सिंह (38'), बॉबी सिंह धामी (45'), शारदा नंद तिवारी (46'), अमनदीप (47'), रोहित (49'), सुनीत लकड़ा (54') और राजिंदर सिंह (56') ने गोल किये। भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की और मैच के 13वें मिनट में अंगद बीर सिंह ने गोल कर पहले क्वार्टर में भारत को बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में, भारत के कप्तान उत्तम सिंह ने योगेम्बर रावत (17') के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद कप्तान उत्तम सिंह (24') और अमनदीप लाकड़ा (26', 29') ने गोल कर मध्यांतर तक भारतीय टीम को 5-0 की बढ़त दिला दी। कप्तान उत्तम सिंह (31') ने तीसरे क्वार्टर के पहले मिनट में गोल कर भारत की बढ़त को 6-0 कर दिया। कुछ ही क्षण बाद अंगद बीर सिंह (33') ने एक और गोल किया और भारत 7-0 से आगे हो गया। इस गोल के तीन मिनट बाद ही अरिजीत सिंह हुंदल (36') ने दाईं ओर से एक शक्तिशाली गोल कर बढ़त को 8-0 कर दिया। इसके बाद विष्णुकांत सिंह (38') और बॉबी सिंह धामी (45') ने गोल कर स्कोर 10-0 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शारदा नंद तिवारी (46'), अमनदीप (47') अंगद बीर सिंह (47') और रोहित (49') के गोलों की बदौलत 14-0 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम फ्री-फ्लोइंग हॉकी खेल रही था। टीम के लिए अंत में सुनीत लकड़ा (54'), अंगद बीर सिंह (55'), और राजिंदर सिंह (56') ने और तीन गोल कर स्कोर 17-0 कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## काइलियन एम्बाप्पे लगातार चौथी बार बने प्लेयर ऑफ द ईयर



**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन के काइलियन एम्बाप्पे ने लगातार चौथे साल रिकॉर्ड 'लिग 1 प्लेयर ऑफ द ईयर' का खिताब अपने नाम किया। वह 2019, 2021 और 2022 में लीग 1 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। लगातार चार सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। एक और पेरिस सेंट-जर्मन के फॉरवर्ड ने लीग में 28 गोल और 5 असिस्ट किए। एम्बाप्पे ने फ्रांस 24 के हवाले से कहा, यह खुशी की बात है, मैं हमेशा जीतना चाहता था, लीग के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहता था। लेकिन मैंने इतनी जल्दी जीतने की उम्मीद नहीं की थी। ज्लाटन इब्राहिमोविक (2016), एडिन्सन कैवानी (2017), नेमार जूनियर (2018) और किलियन एम्बाप्पे (2019) के नक्शेकदम पर चलते हुए पेरिस सेंट-जर्मन के एक खिलाड़ी ने लगातार सातवें वर्ष प्लेयर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी जीती है। इसी श्रेणी में पिछले सीजन में नामांकित, नूनो मेंडेस को यूएनएफपी 2023 लिग 1 यंग प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया था। महज 20 साल की उम्र में, पुर्तगाली फुल-बैक ने कैपिटल क्लब के लिए रिकॉर्ड तोड़ 11 फ्रेंच चैंपियनशिप हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई, इसमें छह सहायता प्रदान की और 23 मैचों में एक गोल किया। क्लब को दूसरे स्थान पर ले जाने और दो दशकों में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल में वापसी करने के बाद आरसी लेंस के फ्रेंक हाइज को सीजन का कोच नामित किया गया।

रबात डायमंड लीग 2023

## 3000 मीटर स्टीपल चेज में 10वें स्थान पर रहे अविनाश साबले



**एजेंसी। मोरक्को**
भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अविनाश साबले यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दूसरे चरण में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता 28 वर्षीय साबले ने आठ मिनट 17.18 सेकंड का समय लिया जो उनके राष्ट्रीय रिकार्ड आठ मिनट 11.20 से लगभग छह सेकंड अधिक था। साबले ने पिछले साल इसी प्रतियोगिता में 8:12.48 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल किया था। इस स्पर्धा में 18 धावकों ने भाग लिया लेकिन केवल 14 धावक ही दौड़ पूरी कर पाए। मेजबान देश के विश्व और ओलंपिक चैंपियन सौफियाने एल बक्कली ने 7:56.68 सेकेंड का समय लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इथियोपिया के गेटनेट वाले और कीनिया के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अब्राहम किबिवोट ने क्रमशः 8:05.15 और 8:05.51 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच भारत के 18 वर्षीय सेल्वा प्रभु थिरुमरन ने यूनान के वेनिजेलिया चानिया में विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर में पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.78 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता और साथ ही अपने जूनियर राष्ट्रीय रिकार्ड में सुधार किया।

### पीएसजी गोलकीपर सर्जियो रिको के सिर में लगी चोट, अस्पताल में भर्ती



**सेविले।** स्पेन में घुड़सवारी के दौरान गिरने से पेरिस सेंट-जर्मन के गोलकीपर सर्जियो रिको को सिर में चोट लग गई है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खिलाड़ी के प्रतिनिधियों ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना दक्षिणी स्पेन के सेविले शहर के पास रविवार को हुई, जहां रिको सेविला के लिए खेलते हैं। बयान में कहा गया है, सर्जियो अच्छे हाथों में है, उबरने के लिए लड़ रहे हैं। अगले 48 घंटे उनके ठीक होने की प्रगति को निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

## किसी भी परिस्थिति में जीतने का विश्वास रखता है ऑस्ट्रेलिया, इसे सिखाना मुश्किल : लिसा स्टालेकर



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय महिला क्रिकेट टीम वैश्विक प्रतियोगिताओं में लगातार नॉकआउट चरण में हारती रही है तथा ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लिसा स्टालेकर का मानना है कि अपने अंदर जीत का विश्वास जगाने पर ही हार के इस क्रम को तोड़ा जा सकता है। पिछले दो वर्षों में भारत ने द्विपक्षीय और आईसीसी की प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है लेकिन इसके बावजूद वह वैश्विक प्रतियोगिताओं में खिताब नहीं जीत पाया है। स्टालेकर जब खेलती थी तो ऑस्ट्रेलिया का महिला क्रिकेट में दबदबा था तथा मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम इसे अगले स्तर तक ले गई। स्टालेकर ने पीटीआई से कहा, जब मैं खेला करती थी तब भी और आज भी ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्वास के साथ मैदान पर कदम रखती है कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत सकती है क्योंकि उसने अतीत में भी ऐसा किया है। मैं अपनी पीढ़ी के बारे में बात कर सकती हूं। मेरे राज्य न्यू साउथ वेल्स की टीम नियमित तौर पर राष्ट्रीय खिताब जीतती रही है। कुछ अवसर ऐसे भी आए जब हमें नहीं जीतना चाहिए था, लेकिन हम किसी तरह कामयाब रहे।

उन्होंने कहा, इसलिए एक बार जब आप यह विश्वास हासिल कर लेते हैं, तो आपको परिस्थितियों का सामना करने के लिए छोड़ दिया जाता है और आपकी यह सोच कि हम किसी भी परिस्थिति में जीत सकते हैं आपको सफलता दिलाती है। इसे सिखाना बहुत मुश्किल है। स्टालेकर ने कहा, भारतीय टीम कई बार खिताब जीतने के करीब पहुंची। उन्हें केवल अपनी मानसिकता में बदलाव करने की जरूरत है और फिर उसके बाद उन्हें अनुकूल परिणाम मिलने लग जाएंगे। पुणे में जन्मी इस 43 वर्षीय क्रिकेटर का मानना है कि कुशल खिलाड़ियों की संख्या अधिक होने से भारत को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी।

डब्ल्यूटीसी — चोट के चलते आईपीएल से बाहर हुए जोश हेजलवुड

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की टीम में मिली एंट्री



**एजेंसी। लंदन**
तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। यह 32 वर्षीय गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से ही स्वदेश लौट गया था। उन्हें हालांकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड जैसे तेज गेंदबाजों के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। अब तक 59 टेस्ट मैचों में 222 विकेट लेने वाले हेजलवुड के चयन का मतलब है कि चयनकर्ताओं को ऑल राउंडर माइकल नेसर या तेज गेंदबाज सीन एबोट को टीम में रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नेसर और एबोट अभी काउंटी क्रिकेट में खेल रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने हाल में कहा था कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है। हेजलवुड हाल में चोटों से जूझते रहे हैं। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से बाद में जुड़े थे। उन्होंने दिसंबर 2021 के बाद केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम इस प्रकार है : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, नाथन लियोन, टॉड मर्फी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

## आईसीसी को उम्मीद, डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले चार दिन भरा होगा खचाखच स्टेडियम




**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उम्मीद है कि सात जून से लंदन के ओवल में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के कम से कम पहले चार दिन स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा होगा। आईसीसी ने फाइनल के लिये एक 'रिजर्व डे' भी रखा है ताकि मौसम खराब होने की स्थिति में खेल इस दिन कराया जा सके। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने चुनिंदा मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा, हम स्थानीय आयोजन समिति (ईसीबी) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि सुनिश्चित हो सके कि यह दर्शकों के लिये शानदार मुकाबला रहे। हमें कम से कम पहले चार दिन तक पूरी तरह से स्टेडियम भरे होने की उम्मीद है। हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक दूसरे के सामने होंगी जिससे दर्शकों में इस मुकाबले को लेकर काफी ज्यादा दिलचस्पी है। यह शानदार मुकाबला होगा। खान ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि मौसम साफ रहे ताकि हमें सभी पांच दिन में अच्छा क्रिकेट देखने को मिले, हालांकि हमने मौसम के कारण बाधा की भरपायी के लिए एक 'रिजर्व डे' रखा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि डब्ल्यूटीसी के मौजूदा तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा और यह इसी तरह जारी रहेगा जिसमें प्रत्येक टीम दो साल के चक्र में छह श्रृंखलायें (तीन घरेलू और तीन विदेशी सरजमीं) खेलती है।



### एफआईआई के निवेश

# अर्थव्यवस्था में सुधार से मई में पहले नंबर पर रहा भारतीय बाजार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूरोपीय बाजारों में नकारात्मक रिटर्न और एसएंडपी 500 में सिर्फ एक प्रतिशत रिटर्न के मुकाबले निफ्टी में 2.8 फीसदी की तेजी के साथ भारत मई में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला बाजार है। अन्य उभरते बाजारों का प्रदर्शन भी कमजोर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि इस उछाल के दो प्रमुख कारक हैं - पहला, एफपीआई का बाजार में पैसा लगाना और दूसरा, भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार। इस साल के पहले तीन महीनों में भारत में लगातार बिकवाली करने वाले एफपीआई मई में मजबूत लिवाल बने। एफपीआई ने 25 मई तक शेयर बाजारों के जरिए 29,668 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक बाजार के जरिए उन्होंने अतिरिक्त 5,136 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एफपीआई द्वारा यह निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनियों के प्रदर्शन के प्रति उनके विश्वास का प्रतिबिंब है। नवीनतम मैक्रो डेटा से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक परेशान करने वाली बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव और कॉर्पोरेट क्षेत्र के जोखिम की 'दोहरी समस्या' अब बीते दिनों की बात हो गई है। रिकॉर्ड लाभ और कम एनपीए के साथ बैंकिंग तंत्र की स्थिति में सुधार हुआ है। कॉर्पोरेट क्षेत्र ऋणमुक्त है और इसलिए कॉर्पोरेट अब उधार ले सकते हैं और निवेश कर सकते हैं और बैंकों के पास उधार देने के लिए पर्याप्त पैसा है। अर्थव्यवस्था में पूंजीगत व्यय पुनरुद्धार अभी नया-नया है, लेकिन गति पकड़ रहा है। एलकेपी सिक्योरिटीज के अनुसंधान प्रमुख एस. रंगनाथन ने कहा कि मंदी के बादल और चूक के जोखिम ने कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं को अपनी चपेट में ले लिया है। सबसे बड़ी आबादी वाले सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक के रूप में भारत राजमार्ग और बुनियादी ढांचे के विकास के पीछे एक शहरी क्रांति का साक्षी है। अमृत जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं और जी20 जैसे शिखर सम्मेलनों ने डेवलपर्स को लोगों को उन भीतरी इलाकों की ओर ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया है जहां विकास दर अब ऊपर की ओर बढ़ रही है। मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्ष्य की ऊपरी सीमा के भीतर है। केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में वृद्धि को विराम दिया है और चौथी तिमाही में भारतीय कंपनियों का प्रदर्शन शेयर बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप रहा है। वैश्विक विकास दर में गिरावट के बीच भारत इस वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि एफआईआई ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक भारतीय इक्विटी में 44,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है।जैसा कि हॉवर्ड माक्र्स ने कहा, निवेशक तब पैसा कमाते हैं जब वे ऐसे काम करते हैं जो अन्य लोग करने को तैयार नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब अर्थव्यवस्था का खपत चरण थोड़ा धीमा है, कैपेक्स-संचालित बजट द्वारा संचालित निवेश चरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पीजीआईएम इंडिया पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज के पोर्टफोलियो मैनेजर सुरजीत सिंह अरोड़ा ने स्पष्ट रूप से कहा कि हम भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक असाधारण के रूप में देखते हैं। निरंतर संपत्ति निर्माण, सौम्य नीतिगत वातावरण, विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन और बेहतर वैश्विक स्थिति पर ध्यान देना देश के आर्थिक विकास के लिए शुभ संकेत है। अरोड़ा ने कहा कि इसके अलावा, भारतीय कंपनियों द्वारा कम लिवरेज और वित्तीय प्रणाली की बेहतर बैलेंस शीट विकास के लिए चारा प्रदान करती है क्योंकि अर्थव्यवस्था में मांग का स्तर आय के स्तर के साथ आगे बढ़ता है। अरोड़ा ने कहा कि हालांकि वैश्विक घटनाएं एक चुनौती हो सकती हैं, हम मानते हैं कि भारत न केवल इन चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है, बल्कि लंबी अवधि में इसका लाभ भी उठा सकता है। उच्च प्रति व्यक्ति आय और निर्यात के साथ पैठ के कारण उपभोग और विनिर्माण की अगुवाई में भारत विकास करेगा। डीएसपी एसेट मैनेजर्स ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और कॉरपोरेट आय मजबूत बनी हुई है। कई लार्ज कैप कंपनियों ने बाजार के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन किया है जिससे बाजार की धारणा मजबूत बनी हुई है। वित्तीय परिणामों के इस सीजन पिछले कुछ सप्ताह का भारतीय शेयर बाजार के लिए यह वास्तव में एक अच्छा प्रदर्शन रहा है। कई लोगों का मानना है कि बाजार काफी आत्मसंतुष्ट हो गया है, लेकिन आंकड़े दूसरी तरफ इशारा करते हैं। भारत अस्थिरता सूचकांक (वीआईएक्स) ने हाल ही में सबसे कम रीडिंग दर्ज की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा बेहद कम वीआईएक्स आम तौर पर आने वाले समय में उछाल वाले बाजार का एक अच्छा संकेतक है।


## महिलाओं के नेतृत्व वाली एडटेक यूनिकॉर्न गिल्ड ने की 172 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** महिला संस्थापक के नेतृत्व वाली एडटेक यूनिकॉर्न गिल्ड ने लंबी अवधि के विकास के लिए व्यापक पुर्नगठन के हिस्से के रूप में 12 प्रतिशत कर्मचारी यानी 172 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। गिल्ड के सीईओ राहेल रोमर ने एक ईमेल में कर्मचारियों से कहा कि छंटनी कंपनी की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा, कंपनी ने रणनीति को सक्षम करने और गिल्ड में काम करने का एक अधिक केंद्रित, निर्बाध तरीका बनाने के लिए आवश्यक गो-फॉरवर्ड स्ट्रक्चर, रोल्स और स्किल सेट की पहचान की थी। प्रभावित होने वाले कर्मचारियों को कंपनी में सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए अतिरिक्त सप्ताह के वेतन के साथ 12 सप्ताह का विच्छेद वेतन प्राप्त होगा। इसके अलावा, उन्हें समेकित सर्वग्राही बजट सुलह अधिनियम (सीओबीआरए) के माध्यम से 18 महीने तक चिकित्सा, दंत चिकित्सा और धष्टि कवरेज भी मिलेगा, जिसमें गिल्ड पहले छह महीनों के लिए प्रीमियम को कवर करेगा। कोलोराडो स्थित गिल्ड डेनवर ने इक्विटी एक्सरसाइज पीरियड को दो साल तक बढ़ा दिया है, जिससे कर्मचारियों को कंपनी के अपस्किलिंग कार्यक्रमों तक पहुंच जारी रखने की अनुमति मिलती है। जो प्रभावित होंगे वे बीहाइव, गिल्ड के सब्सिडी वाले चाइल्डकैअर कार्यक्रम तक पहुंच बनाए रखेंगे। कंपनी ने फंडिंग में 200 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए और 2022 में इसका मूल्य 4.4 बिलियन डॉलर था। एडटेक प्लेटफॉर्म को 2019 में यूनिकॉर्न का दर्जा मिला। पिछले साल, गिल्ड ने 175 मिलियन डॉलर सीरीज एफ फाइनेंसिंग राउंड हासिल किया, जिसमें ओपरा विनफ्रे का निवेश शामिल था।

## क्रिप्टो एक्सचेंज में विफल निवेश के बाद टेमासेक ने कर्मचारियों के वेतन में की कटौती

सिंगापुरे सिंगापुर के सरकारी स्वामित्व वाले निवेश फंड टेमासेक होल्डिंग्स ने कहा है कि उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज एफटीएक्स में अपने निवेश के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के वेतन में कटौती की है। बीबीसी ने बताया कि पिछले साल फंड ने एफटीएक्स में निवेश किए गए सभी 275 मिलियन डॉलर को राइट ऑफ कर दिया था। अभियोजकों ने एफटीएक्स के पूर्व मुख्य कार्यकारी सैम बैंकमैन-फ्राइड पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया, जिसमें निवेशकों को अरबों डॉलर खर्च करने पड़ सकते हैं। टेमासेक ने सोमवार को एक बयान में कहा, निवेश टीम और वरिष्ठ प्रबंधन, जो अंततः किए गए निवेश निर्णयों के लिए जिम्मेदार हैं, ने सामूहिक जवाबदेही ली और उनके मुआवजे को कम कर दिया। बीबीसी ने बताया कि सॉवरेन वेल्थ फंड ने भी कहा कि यह हमारे निवेश के परिणाम और हमारी साख पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव से हताश है। टेमासेक ने यह नहीं बताया कि वेतन में कितनी कटौती की गई है। अक्टूबर 2021 और जनवरी 2022 के बीच दो फंडिंग राउंड में एफटीएक्स में 210 मिलियन डॉलर और फिर 65 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। मार्च 2022 तक, टेमासेक की कीमत 298.1 बिलियन डॉलर से अधिक थी, इसलिए उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म में जो पैसा लगाया था, वह उनके निवेश का एक छोटा प्रतिशत था। हालांकि, सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने दिसंबर में कहा था कि एफटीएक्स में टेमासेक के नुकसान ने फंड की साख को नुकसान पहुंचाया है। वोंग ने कहा, तथ्य यह है कि ब्लैकरॉक और सिकोइया कैपिटल जैसे अन्य प्रमुख वैश्विक संस्थागत निवेशकों ने भी एफटीएक्स में निवेश किया है, लेकिन वह इन परेशानियों को हल नहीं कर पाए है।

## न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के पानी में 4 बड़ी व्हाइट शार्क का पता लगा



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

समुद्री अधिकारियों ने न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के पानी में तैरती चार बड़ी व्हाइट शार्क का पता लगाया है। सीएनएन की रविवार की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक गैर-लाभकारी समुद्री अनुसंधान समूह ओसर्च, जो शार्क को ट्रैक कर ओपन-सोर्स डेटा प्रदान करता है, ने हाल ही में दो राज्यों के तटों के आसपास चार नर ग्रेट व्हाइट शार्क होने की सूचना दी। समूह प्रत्येक शार्क पर इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकर्स रखता है, जो शार्क द्वारा पानी की सतह को तोड़ने पर पिंग करता है, इससे शोधकताओं को उस शार्क के वार्षिक प्रवास समेत अन्य चीजों को ट्रैक करने में मदद मिलती है। ओसर्च की वेबसाइट के अनुसार, 9 फुट लंबी, 434 पाउंड व्हाइट शार्क को 2 मई को फायर आइलैंड से पिंग किया गया। गैर-लाभकारी संस्था का कहना है कि उसने पिछले 105 दिनों में 1,520 मील की यात्रा की थी। इसके अलावा, एक अन्य व्हाइट शार्क, जिसका वजन 395 पाउंड है और 8 फीट 8 इंच लंबी है, 15 मई को लॉन्ग आइलैंड से पिंग किया गया। इस शार्क ने पिछले 102 दिनों में 1,595 मील की यात्रा की है। वहीं तीसरी व्हाइट शार्क का वजन लगभग 600 पाउंड था और लंबाई 9.5 फीट से अधिक थी। उसे 17 मई को पिंग किया था। ओसर्च के अनुसार, उसने पिछले 368 दिनों में 7,697 मील की यात्रा की है। 21 मई को चौथी व्हाइट शार्क को पिंग किया गया, उसका वजन 393 पाउंड था और लंबाई 9 फीट 2 इंच थी। ओसर्च के आंकड़ों के अनुसार, चार शार्क फ्लोरिडा से अमेरिका के पूर्वोत्तर और कनाडा तक अपना वार्षिक प्रवास करती दिखाई देती हैं।

# शेयर बाजार में आई तेजी

**एजेंसी। मुंबई**

आज हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (29 मई) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 344 अंकों की तेजी के साथ 62,846 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 99 अंकों की तेजी रही, ये 18,598 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट देखने को मिली है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 3.37% की तेजी रही। शेयर बाजार में जारी तेजी चलते भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर दुनिया का 'पांचवां सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट' बन गया है। जनवरी में फ्रांस ने भारत को पीछे छोड़ते हुए ये पीजोशीन हासिल कर ली थी। बीते दिनों विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी भारतीय बाजार में बढ़ी है और उन्होंने भी बाजार में अपनी खरीदारी तेज की है। इन कारणों के चलते शुक्रवार को भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैप 3.3 ट्रिलियन डॉलर (272 लाख करोड़ रुपए) पहुंच गया। इस लिस्ट में यूएस 44.54 ट्रिलियन डॉलर (3680 लाख करोड़ रुपए) के मार्केट कैप के साथ शीर्ष स्थान पर है, इसके बाद चीन 10.26 ट्रिलियन डॉलर (847 लाख करोड़ रुपए) मार्केट कैप के साथ दूसरे स्थान पर है। जापान 5.68 ट्रिलियन डॉलर (469 लाख करोड़ रुपए) मार्केट कैप के साथ तीसरे स्थान पर है। जबकि 5.14 ट्रिलियन डॉलर (424 लाख करोड़ रुपए) के मार्केट कैप के साथ हांगकांग चौथे स्थान पर है। वहीं फ्रांस 3.24 ट्रिलियन डॉलर (267 लाख करोड़ रुपए) के मार्केट केप के साथ छठे स्थान पर है। रविवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी गई है। बैंक की पहले ही आइसीआइसीआइ लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस में 48.02% हिस्सेदारी है। कच्चे तेल (ब्रेंट क्रूड) का भाव 80 डॉलर के करीब पहुंचा गया है। शुक्रवार को ब्रेंट $75.73 तक गिरा था। हळक में भी $73 के ऊपर कारोबार हो रहा है। वर डेट सीलिंग को लेकर डील हो गई। डील की खबरों में कच्चे तेल में आई तेजी देखने को मिल रहा है। बाजार की नजर डढएउ+ की 4 जून की बैठक पर होगी। इससे पहले शुक्रवार यानी 26 मई को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 629 अंकों की तेजी के साथ 62,501 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 178 अंकों की तेजी रही, ये 18,499 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही थी।

## विदेश

# रूस का साथ देने पर मिलेंगे परमाणु हथियार



**एजेंसी। रूस**

रूस गुरुवार से पड़ोसी देश बेलारूस में अपने परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर चुका है। इसके 3 दिन बाद अब बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा है कि जो देश पुतिन और उनका साथ देंगे उन्हें परमाणु हथियार दिए जाएंगे। लुकाशेंको ने ये बात रविवार को एक ऑन कैमरा इंटरव्यू में कही। वो इस दौरान कजाकिस्तान से रूस के रिश्तों को लेकर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साथी देश यूनाइटेड स्टेट ऑफ बेलारूस और रूस में शामिल हो जाएं तो उन्हें परमाणु हथियार मिल जाएंगे। 1991 में सोवियत संघ के टूटने के बाद पहली बार ऐसा होगा जब रूस किसी विदेशी धरती पर परमाणु हथियारों को तैनाती करेगा। हालांकि इन पर रूस का ही कब्जा रहेगा। इस समझौते पर लुकाशेंको ने कहा था कि 'हमें परमाणु हथियारों के लिए स्टोरेज फैसिलिटी बनानी थी। ये काम पूरा हो चुका है। रूस से परमाणु हथियारों का स्थानांतरण भी शुरू हो चुका है'। वहीं, जब उनसे परमाणु हथियारों के बेलारूस पहुंचने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'हो सकता है पहुंच गए हों, मुझे जाकर देखना होगा।' 25 मार्च को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बेलारूस में रूस के परमाणु हथियार तैनात करने की घोषणा की थी। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको काफी समय से परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने की मांग कर रहे हैं। बेलारूस के साथ रूस के करीबी सैन्य संबंध हैं। पुतिन ने कहा था कि रूसी परमाणु हथियारों की बेलारूस में तैनाती का कारण ब्रिटेन का यूक्रेन को आर्मर पियर्सिंग शेल मुहैया कराना बताया था, जिसमें यूरेनियम होता है। पुतिन का कहना था कि परमाणु हथियारों को बेलारूस में रख कर रूस वही कर रहा है जो अमेरिका ने कई दशकों से बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स और तुर्की में परमाणु हथियारों को रख कर किया। पुतिन ने यह भी कहा था कि रूस का कदम परमाणु हथियारों से जुड़ी किसी अंतरराष्ट्रीय संधि की अवहेलना नहीं करता है। अमेरिका ने नाटो सहयोगियों के इलाके में हथियार तैनात कर संधि का उल्लंघन किया है। पुतिन ने यह साफ किया था कि बेलारूस में परमाणु हथियारों की देखरेख रूसी सैनिकों के हाथ में होगी।

## एमजी ग्लॉस्टर ब्लैकस्टॉर्म वैरिएंट भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** मॉरिस गैरेज मोटर इंडिया ने सोमवार (29 मई) को भारत में ग्लॉस्टर रवश के ब्लैकस्टॉर्म वैरिएंट को लॉन्च कर दिया है। न्यू ब्लैकस्टॉर्म वैरिएंट को 2हऊ और 4हऊ कॉन्फिगरेशन के साथ 6 और 7 सीट ऑप्शन में पेश किया गया है। इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर में कंपनी ने कई बदलाव किए हैं, जिसकी शुरूआती कीमत 40.30 लाख रुपए रखी है। ब्लैकस्टॉर्म वैरिएंट की कीमत रेगुलर मॉडल से लगभग 2.22 लाख रुपए ज्यादा रखी गई है। कंपनी ने 9 महीने पहले फुल-साइज रवश ग्लॉस्टर को 31.99 रुपए की पेश किया था।

## पेज एक के शेष

### कर्नाटक : बस और कार में...

लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। लाशें अंदर फंसी रह गई थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लाशों को निकालकार पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इससे पहले रविवार को कर्नाटक के कोप्पल जिले में कार और लॉरी के बीच भीषण टक्कर हो गई थी। इस हादसे में दो बच्चों और एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में जानकारी देते बताया कि यह हादसा कालकेरी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। सभी मृतक विजयपुरा के रहने वाले थे और वे कार से बेंगलुरु जा रहे थे, जबकि लॉरी तमिलनाडु से गुजरात की तरफ रवाना हुई थी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### धनबाद में ...

निगम लिमिटेड के बताए जा रहे हैं। मृत मजदूर झारखंड के लातेहार, पलामू और उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के रहने वाले थे। इस मामले में अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं आ सकी है कि हादसा हुआ कैसे? घटना के बाद धनबाद-गोमो रेल लाइन पर कुछ ट्रेनों के परिचालन को भी रोका गया था, जिसे अब सामान्य कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारी और रेलवे के डॉक्टर ने पुलिस की मौजूदगी में शवों को मौके से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि सुबह 11:30 बजे घटना की सूचना मिली थी। इसके 11:45 बजे तक बचाव दल मौके पर पहुंच चुकी थी, लेकिन तब तक सभी छह मजदूरों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि घटना में मृत साइट सुपरवाइजर की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान पावर ब्लॉक भी लेना चाहिए था, लेकिन यहां नही लिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में चार अलग अलग जांच जांच टीम गठित की जाएगी। यह जांच जिला पुलिस, रेल पुलिस, डिपार्टमेंटल और ईआईजी अलग अलग करेगी। इसमें जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### इंजीनियरिंग कॉलेज के...

हालत में जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। मृत छात्रों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेज के कई छात्र जीएमसीएच में जमा हो गए। इस बीच, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, जलुकबाड़ी में हुए सड़क हादसे में छात्रों की मौत से बेहद दुखी हूं। उनके माता-पिता और परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। जीएमसीएच में अधिकारियों से बात की है। घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

### दिनेश गोप की ...

दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। 30 मई को रिमांड की अवधि पूरी होने वाली है। **गुमला से मिले थे भारी मात्रा में कारतूस :** एनआईए ने दिनेश गोप की निशानदेही पर बीते हफ्ते गुमला के कामडारा से कारतूस बरामद किए थे। एनआईए की टीम ने छापेमारी कर 7.62 एमएम की 1245 व 5.56 एमएम की 271 राउंड कारतूस बरामद की थी। ये जखीरा दिनेश गोप ने दो साल पूर्व नालंदी से मंगवाया था।

### विश्व में सबसे ...

प्रदेशों में 162 देशों ने निवेश किया है। 61 अलग अलग सेक्टरों में निवेश किया गया है। लॉकडाउन में भी भारत में एफडीआई रिकार्ड स्तर पर रहा। बीके सिंह ने कहा कि तीन ट्रिलियन से अधिक की जीडीपी है। एक ट्रिलियन तक जीडीपी को पहुंचने में जहां 67 साल लगे थे, वहीं दूसरी ट्रिलियन तक पहुंचने में आठ साल व तीसरे ट्रिलियन तक पहुंचने में पांच साल का वक्त लगा। **राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव, आने वाला दिन भारत का :** बीके सिंह ने कहा कि देश में 90 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड हैं। जिसमें 60 करोड़ लोग वोट डालते हैं। दो करोड़ से अधिक नए वोटर हैं। चुनाव में 10 लाख से अधिक मतदान केंद्र हैं। सिग्मा 6 कटैगरी का प्रबंधन चुनाव के लिए होता है। देश की राजनीतिक व्यवस्था स्थिर है। ऐसे में देश और आगे बढ़ेगा। आने वाले दिन भारत के हैं। केंद्रीय योजनाओं की विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में स्थिति पर चर्चा करते हुए बीके सिंह ने कहा कि जिन राज्यों ने केंद्रीय योजनाओं को अच्छे से लागू कराया है, वहां स्थिति ठीक है। लेकिन झारखंड जैसे राज्य की क्या स्थिति है, यह किसी से छिपी नहीं है। वहीं ईडी व सीबीआई के इस्तेमाल कर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि ईडी क्यों कार्रवाई करती है, ये सभी जानते हैं।

### ऑस्ट्रिया में हिटलर का घर पुलिस स्टेशन बनेगा

# मानवाधिकारों को ट्रेनिंग दी जाएगी, सरकार ने 7 करोड़ में खरीदा

**एजेंसी। वाशिंगटन**

ऑस्ट्रिया में हिटलर के घर को अब पुलिस स्टेशन बनाने की तैयारी की जा रही है। जहां पुलिस वालों को मानवाधिकारों की ट्रेनिंग दी जाएगी। इइउ की रिपोर्ट के मुताबिक ये जगह ऑस्ट्रिया के ब्रोनाऊ में है। जो जर्मनी के बॉर्डर से काफी करीब है। हिटलर यहां 20 अप्रैल 1889 में पैदा हुआ था। हालांकि, वो 3 साल की उम्र तक ही यहां रहा। किराये का घर होने की वजह से हिटलर का परिवार यहां से चला गया था। 2016 में काफी लंबे विवाद के बाद ऑस्ट्रिया की सरकार ने इस बिल्डिंग को खरीद लिया था। 2016 में सरकार ने हिटलर के घर को लेकर एक कमेटी बनाई थी। इसने सुझाव दिया था कि हिटलर के इतिहास को देखते हुए घर को तोड़ दिया जाना चाहिए। हालांकि, उस समय घर के तोड़े जाने का जमकर विरोध हुआ था। देश के कई बड़े




नेताओं और लोगों ने कहा था कि इससे देश में हुई बड़ी घटना का इतिहास मिट जाएगा। जो हुआ उसके बारे में आगे की पीढ़ियां भी जान पाएं इसलिए बिल्डिंग नहीं गिराई जानी चाहिए। सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान नाजियों ने इस बिल्डिंग को एक धार्मिक में बदल दिया था। नाजी समर्थक लोग यहां टूरिस्ट बनकर आते थे। हालांकि, 1944 में जंग के आखिरी समय में हालात बदलने लगे। हिटलर जिस बिल्डिंग में पैदा हुआ उस पर जेलिंर्डे पोमर नाम की महिला का मालिकाना कब्जा था। जिसे ये घर अपने पूर्वजों से मिला था। 1972 से सरकार ने इसे किराया पर लिया हुआ था। इसमें विकलांग लोगों के लिए केंद्र चलाया जाता था। जिसे 2011 में बंद कर दिया गया। तब से ये बिल्डिंग खाली है। 2011 में सरकार ने इसे खरीदने का ऑफर दिया था। हालांकि, जेलिंर्डे ने सरकार के दबाव के बावजूद इसे बेचने ले इनकार कर दिया था। बिल्डिंग में कई बार नाजी समर्थकों का जमावड़ा लगता था। जिसके चलते सरकार का इसे खरीदना जरूरी हो गया था। 2016 में सरकार ने 7 करोड़ रुपए देकर महिला से बिल्डिंग को खरीद लिया था। अब 2025 तक इसे पुलिस स्टेशन में बदलने का काम पूरा होने के अनुमान हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का इलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### धर्मगुरु दलाई लामा की आज से शुरू होगी दो दिवसीय टीचिंग

**धर्मशाला।** मिनी ल्हासा यानि मैकलोड़गंज में आज से तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा तिब्बती युवाओं के लिए दो दिवसीय टीचिंग की शुरूआत करेंगे। मैकलोड़गंज स्थित मुख्य तिब्बती बौद्ध मठ चुगलाखंग में धर्मगुरु तिब्बती युवाओं के लिए 30 मई की सुबह शरण की तीन वस्तुओं पर एक परिचयात्मक प्रवचन देंगे और बोधिचित्तोत्पादन समारोह भी आयोजित करेंगे। इसी तरह 31 मई की सुबह वे मंजुश्री आशीर्वाद प्रदान करेंगे। वहीं धर्मगुरू की टीचिंग के लिए चहल पहल बढ़ गई है। बड़ी संख्या में तिब्बती युवाओं सहित विदेशी व अन्य तिब्बती भी मैकलोड़गंज पंहुच चुके हैं। अगले दो दिन धर्मगुरू सुबह के समय टीचिंग का आयोजन करेंगे।

### तिहाड़ जेल में कैदियों ने किया एक विचाराधीन कैदी पर हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद कुछ कैदियों ने सोमवार को कथित तौर पर चाकू और हाथ से बनाए औजारों से एक विचाराधीन कैदी पर हमला कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना अपराह्न 12 बजकर 38 मिनट पर तिहाड़ जेल परिसर की केंद्रीय जेल संख्या एक में हुई। अधिकारियों के मुताबिक, कैदियों ने राहुल उर्फ पवन पर चाकू और हाथ से बने औजारों से ताबड़तोड़ हमले किए। उन्होंने बताया कि हमलावरों में शामिल एक विचाराधीन कैदी आलोक उर्फ विशाल ने खुद को भी चोट पहुंचाई।

# पीएम ने दिखाई गुवाहाटी-एनजेपी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जाने वाली पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को सोमवार को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने स्क्रीन पर प्रतीकात्मक रूप से हरी झंडी दिखा कर गुवाहाटी स्टेशन से ट्रेन रवाना की, जहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्वोत्तर में पर्यटन, शिक्षा, व्यापार एवं रोजगार को बढ़ावा देगी। गुवाहाटी एवं न्यू जलपाईगुड़ी (एनजेपी) के बीच चलाई गई अर्द्ध उच्च गति की यह ट्रेन असम एवं पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क सेवा को मजबूत करेगी। मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में रेलवे नेटवर्क से जुड़े सभी राज्यों के साथ पूर्वोत्तर भारत ने ढांचागत विकास देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ढांचागत विकास बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए है, जो असल सामाजिक न्याय एवं धर्मनिरपेक्षता को दिखाता है। यह अत्याधुनिक ट्रेन क्षेत्र के लोगों को तेज गति और आराम के साथ यात्रा करने का साधन प्रदान करेगी? और इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा को पांच घंटे 30 मिनट में तय करेगी, जबकि इस मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज ट्रेन उसी यात्रा को तय करने में छह घंटे 30 मिनट का समय लेती है। प्रधानमंत्री ने 182 किलोमीटर लंबे मार्ग के नए विद्युतीकृत खंडों को भी राष्ट्र को समर्पित किया और असम के लुमडिंग में नवनिर्मित डेमू/मेमू शेड का भी उद्घाटन किया।



दिल्ली आबकारी नीति घोटाला

## सिसोदिया ने 43 सिम कार्ड का किया इस्तेमाल : ईडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सूत्रों ने खुलासा किया है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी पुलिस घोटाले के सिलसिले में 14 मोबाइल फोन में 43 सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था। यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जांच में बाधा डालने और सबूत मिटाने के लिए फोन नष्ट कर दिए। सूत्रों ने दावा किया कि 43 सिम काडरें में से, ईडी की जांच से पता चला है कि केवल पांच आप नेता के नाम पर जारी किए गए थे या उनके स्वामित्व में थे। सिसोदिया ने ईडी को बताया, सीबीआई द्वारा जब्त किए गए फोन से पहले इस्तेमाल किया गया फोन टूट गया था और अब मेरे पास नहीं है। मुझे याद नहीं है कि क्षतिग्रस्त फोन अब कहां है।

ईडी ने सिसोदिया द्वारा कथित रूप से नष्ट किए गए 14 मोबाइल फोन के असली मालिकों के बारे में जानकारी एकत्र की। पता चला कि ये फोन देवेंद्र शर्मा, सुधीर कुमार, जावेद खान और रोमाडो क्लॉथ्स नाम की एक कंपनी के नाम हैं। दिलचस्प बात यह है कि रोमाडो क्लॉथ्स ने फोन खरीदा, लेकिन विक्रेता को धोखा दिया, क्योंकि उनका चेक बाउंस हो गया। फोन के मालिक ने अब फर्म के खिलाफ चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया है। सिसोदिया का करीबी देवेंद्र उर्फ रिंकू आप नेता की तरफ से जावेद खान का फोन इस्तेमाल कर रहा था।

## कुर्मी नेताओं की गिरफ्तारी : बंगाल के आदिवासी इलाकों में प्रदर्शन

**एजेंसी। कोलकाता**



तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य ।अभिषेक बनर्जी के काफिले पर हमले के सिलसिले में कुर्मी समुदाय के दो नेताओं राजेश महतो और निशिकांत महतो की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध कारण बांकुड़ा, पुरुलिया, पश्चिम मिदनापुर और झारग्राम के आदिवासी बहुल जिलों के सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम, जुलूस और रैलियां कीं। कुर्मी समुदाय के नेताओं ने कहा कि ये विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे और अगर गिरफ्तार नेताओं को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह और गंभीर रूप ले लेगा। कुर्मी नेता अजीत महतो ने कहा, अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पार्टी के लोकसभा सदस्य दिलीप घोष ने कहा कि उन्हें संदेह है कि शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी पर किया गया हमला जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए तृणमूल कांग्रेस द्वारा किया गया नाटक था।

घोष ने कहा, ऐसा आरोप लगाया जा रहा है कि राज्य के मंत्री बीरबाहा हांसदा के वाहन का पिछला शीशा तोड़ दिया गया। लेकिन इसका एक भी प्रत्यक्षदर्शी नहीं है। पुलिस की कार्रवाई तब शुरू हुई जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सालबोनी में एक सार्वजनिक रैली में आरोप लगाया कि बीजेपी अन्य आदिवासी लोगों के खिलाफ कुर्मियों को उकसाकर पश्चिम बंगाल में मणिपुर जैसी जातिगत हिंसा भड़काने की कोशिश कर रही है।

पहले एक राजकीय स्कूल में शिक्षक राजेश महतो का तबादला उसके पैतृक जिले से दूर के जिले में कर दिया गया और फिर रविवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने उनके करीबी निशिकांत को गिरफ्तार कर लिया। इस सिलसिले में अब तक कुल नौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

अंतरिक्ष में इसरो की एक और छलांग

## एनवीएस-01 सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग

**एजेंसी। श्रीहरिकोटा**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नई पीढ़ी का नेविगेशन सैटेलाइट सोमवार सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर लॉन्च किया। इस सैटेलाइट का नाम है एनवीएस-01 है, जिसे जीएसएलवी-एफ12 रॉकेट के जरिए लॉन्च पैड-2 से छोड़ा गया। 19 मिनट बाद एनवीएस-01 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में लॉन्च किया गया। प्रयोग सफल होने पर वैज्ञानिकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इसरो को मिली इस सफलता के बाद स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम पूरी तरह उपलब्ध हो जाएगा। यह सैटेलाइट विशेषकर सशस्त्र बलों को मजबूत करने और नौवहन सेवाओं की निगरानी के लिए बनाया गया है। यह सैटेलाइट भारत और उसकी सीमाओं के चारों तरफ 1500 किलोमीटर तक नेविगेशन सेवाएं देगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने लॉन्च हुए सैटेलाइट एनवीएस-01 के बारे में बताया कि भारत फिलहाल सात पुराने नाविक सैटेलाइट्स से काम चला रहा था, लेकिन उनमें से केवल 4 काम कर रहे थे। डॉ. एस सोमनाथ ने बताया कि खराब पड़े तीन सैटेलाइट को बदलते तब तक बाकी चार भी खराब हो जाते। इसे ध्यान में रखते हुए पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट्स एनवीएस को छोड़ने का फैसला लिया गया। सैटेलाइट एनवीएस-01 अगले 12 साल तक काम करेगा।

## आईएनएस दिल्ली आसियान देशों में तैनाती के लिए पहुंचा मलेशिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्वदेश में निर्मित भारतीय नौसैन्य पोत 'आईएनएस दिल्ली' आसियान देशों में नौसेना के पूर्वी बेड़े की तैनाती के तहत सोमवार को मलेशिया पहुंच गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आईएनएस दिल्ली 163.2 मीटर लंबा है और यह भारतीय नौसेना की निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का प्रमुख पोत है। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा, स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 'आईएनएस दिल्ली' मलेशिया के पोर्ट क्लैंग पहुंचा। 29-31 मई तक इसका यात्रा पड़ाव आसियान देशों में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की तैनाती का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में दोनों नौसेनाओं के कर्मी भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के मजबूत बंधन को मजबूत करते हुए पेशेवर और सामाजिक विचार-विमर्श में शामिल होंगे।

## एनआईए की याचिका पर यासीन मलिक को नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले में अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मौत की सजा दिए जाने के अनुरोध वाली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की याचिका पर मलिक को सोमवार को एक नोटिस जारी किया। मलिक फिलहाल उम्रकैद की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल एवं न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने मलिक को नौ अगस्त को उसके समक्ष पेश करने के लिए वारंट भी जारी किया। एनआईए की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले को 'दुर्लभतम' मानते हुए, आतंकवाद और पृथकतावादी गतिविधियों में लिप्त आरोपी को मौत की सजा दी जानी चाहिए। मेहता ने कहा कि मलिक ने भारतीय वायुसेना के चार अधिकारियों की 'सनसनीखेज' हत्या की और यहां तक कि तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी का अपहरण कराया, जिसके कारण चार खूंखार अपराधियों को रिहा कर दिया गया।




## बिहार में वंचित बच्चों के लिए स्कूल निर्माण में मदद करेंगे सोनू सूद



**सोनू सूद** ने हाल ही में बिहार के कटिहार के एक इंजीनियर से मुलाकात की, जिसने अपनी नौकरी छोड़कर अनाथ बच्चों के लिए एक स्कूल शुरू किया और उसका नाम अभिनेता के नाम पर रखा। सोनू इस स्कूल के लिए एक नयी बिल्डिंग और वंचित बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करेंगे। इस साल फरवरी में, सोनू को 27 वर्षीय इंजीनियर बीरेंद्र कुमार महतो के बारे में पता चला कि उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए एक स्कूल खोलने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी और उन्होंने इसका नाम अभिनेता के नाम पर रखा। 110 बच्चों को मुफ्त शिक्षा और भोजन प्रदान करने के महतो के प्रयास से प्रेरित होकर सोनू सूद ने उनसे स्कूल में मुलाकात की, जो शेल्टर होम के रूप में भी काम करता है। एक्टर ने महतो के साथ राशन से लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक, अमीर और गरीब के बीच शिक्षा की खाई को पाटने के लिए जागरूकता पैदा करने तक, स्कूल की जरूरतों को समझने के लिए समय बिताया।

### फिल्म 'आदिपुरुष' का दूसरा गाना 'राम सिया राम' हुआ लॉन्च



**निर्देशक** ओम राउत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदिपुरुष' इस समय सुर्खियों में है। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाएंगे। 'आदिपुरुष' के ट्रेलर और पहले गाने 'जय श्री राम' को दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिलने के बाद अब मेकर्स ने फिल्म का दूसरा गाना 'राम सिया राम...' रिलीज कर दिया है। इस गीत की शुरूआत भगवान श्रीराम और माता जानकी के संवाद से होती है। राघव अपनी पत्नी जानकी को संबोधित करते हैं तुम राजकुमारी हो जानकी, तुम्हारी जगह महलों में है... , जिसके बाद गाना शुरू होता है। 2 मिनट 50 सेकेंड के इस गाने में भगवान श्रीराम और माता जानकी के बीच उनके 14 साल के वनवास के दौरान के संवाद को दर्शार्या गया है।

## मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

**रांची।** मोबिल टीएम जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉन मोबिल ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं। एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा कि भारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में जबरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की जरूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा। ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा कि मैं मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं, जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों के जीवन और समुदाय को बेहतर बनाने में चौंपियंस के प्रयासों के पीछे आत्मविश्वास ही सच्ची प्रेरक शक्ति है, और वह यही मोबिल ब्रांड है। इससे पहले एक्सॉन मोबिल एक्सॉन मोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा में पार्टनरशिप की थी, जिसमें यह संदेश दिया गया कि सही विकल्प का चयन करके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

आत्मनिर्भर योजना | एलसीए मार्क-2 के लिए भारत में होगा जेट इंजनों का निर्माण

# यात्रा से पहले फाइटर जेट इंजन का सौदा

### अमेरिकी 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई अरब डॉलर का यह सौदा इस सप्ताह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान पूरा होने की संभावना है। ऑस्टिन की नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन लॉयड इस सप्ताह भारत की यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे। जनवरी, 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से यह ऑस्टिन की भारत की दूसरी यात्रा होगी। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्टिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मिलेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान दोनों पक्ष जून में पीएम मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले लंबित सौदों को अंतिम रूप देंगे। शीर्ष स्तर के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वे 'एयर इंफॉर्मेशन शेयरिंग' समझौते के जल्द निष्कर्ष पर भी चर्चा कर सकते हैं। ओहियो स्थित जीई की सहायक कंपनी जीई एयरोस्पेस भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की प्रौद्योगिकी विकसित करने की योजना पर भारत के साथ एक साल से अधिक समय से चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की 21 से 24 जून तक अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा प्रस्तावित है, जहां उनकी मेजबानी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे। फाइटर जेट इंजन सौदे की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की अगले महीने अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान की जा सकती है। दरअसल, इस साल जनवरी में व्हाइट हाउस को भारत में संयुक्त रूप से इंजन बनाने के लिए जीई से एक आवेदन मिला है। वाशिंगटन डीसी में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन पहले दौर की वार्ता कर चुके हैं। भारत में जीई के एफ-414 जेट इंजनों का निर्माण सरकार की 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत स्वदेशी लड़ाकू विमान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 की ताकत बढ़ाने के लिए है। एलसीए मार्क-1 जीई कंपनी के एफ-404 इंजन से ही संचालित हैं। अब एलसीए मार्क-2 के लिए भारत में ही जीई के एफ-414 जेट इंजनों के साथ भारत की विदेशी निमार्ताओं के साथ मिलकर 114 मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने की भी योजना है।